दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक


RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-14 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 18 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## दिल्ली-एनसीआर बिहार में भी भूकंप के तेज झटके, लोगों में दहशत का माहौल



पटना(आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। वहीं, बिहार के सिवान में भी सुबह 8:02 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये।

एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है।अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया पर अब इस भूकंप से जुड़े और मीम्स तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### भूकंप से सहमे लोग बोले, 'जैसे ट्रेन का डिब्बा हिलता है, ठीक वैसे हिल रहे थे मकान'

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को आए भूकंप के झटकों को लेकर लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद वो अपने घरों से बाहर निकलकर खुले स्थान में आ गए। यह काफी डरावना था। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रहने वाले अजय कुमार भूकंप ने बताया कि यह भूकंप 5:36 मिनट पर आया। जिस तरह से ट्रेन का डिब्बा हिलता है, ठीक उसी प्रकार से हमारा पूरा मकान हिल गया, हमारी पूरी छत हिल गई। एक पल के लिए हम और हमारा पूरा परिवार घबरा गए। भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद हमारे बच्चे उठकर बैठ गए।लोग बोले, भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद हमारे बच्चे काफी घबरा गए। इसके बाद हम सभी घर से बाहर निकल गए। केवल हम ही नहीं, बल्कि पूरी कॉलोनी बाहर आ गई। सभी एक दूसरे से यह कहती हुई दिख रही थी कि भूकंप आया है। एक पल के लिए ऐसा लगा कि जैसे सारी चीजें एक स्थान से उठकर दूसरे स्थान पर आ रही हो।

वहीं, एक अन्य शख्स ने बताया कि यह भूकंप करीब 5= 36 मिनट पर आया था। काफी तेज था। हम सभी काफी डर गए। इसके बाद पूरी बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोग बाहर आ गए। एक पल तो समझ ही नहीं आया कि हो क्या रहा है। बिस्तर से उठे भर थे कि सब हिलता हुआ महसूस हुआ।

## दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुटी भाजपा, एनडीए शासित राज्यों के सीएम भी लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।



हालांकि, शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुग और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के बीच इस सिलसिले में महत्वपूर्ण बैठक समाप्त हो गई है, जिसमें शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई।सूत्रों के अनुसार, इस समारोह में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, 200 से अधिक सांसदों को भी शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाएगा। इस शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के लिए अगले 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों का संकल्प भी लिया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी ने विधायक दल की बैठक को दो दिन के लिए टाल दिया है। अब यह बैठक 19 फरवरी को होगी, जबकि पहले यह बैठक 17 फरवरी को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम निर्णय लेने के लिए आयोजित होने वाली थी। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख भी अब बदल दी गई है। पहले यह कार्यक्रम 19 फरवरी को होने की योजना थी, लेकिन अब इसे एक दिन बढ़ाकर 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाल ही में कोलकाता में हुई रेल दुर्घटनाओं के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के खिलाफ विरोध रैली में हिस्सा लिया।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी भयानक आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ में एक बार फिर आग लगने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार इस बार आग महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर आठ में लगी है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं।जानकारी के अनुसार आग देखते ही देखते फैल गई। आग की लपटें देख वहां मौजूद लोग घबरा गए। हालांकि अब इसे काबू कर लिया गया है। महाकुंभ मेले में दो दिन पहले भी आग लगी थी। उस समय महाकुंभ सेक्टर 18 और 19 के बीच कई पंडाल इस आग की वजह से जलकर खाक हो गए थे। उस घटना की वजह शार्ट सर्किट बताई गई थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू कर लिया। बताया जा रहा है कि यह आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए टैंटों में लगी थी।

### ब्रिटिश लड़की से गोवा में रेप करके मर्डर के बाद निर्वस्त्र फेंक दिया था शव, 8 साल बाद दोषी को उम्रकैद

पणजी , (आरएनएस)। आठ साल पहले गोवा में हुए आयरलैंड (ब्रिटिश) लड़की से रेप और मर्डर के मामले में आज फैसला सुना दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 14 मार्च 2017 को डेनियल मैकलॉघिन का निर्वस्त्र शव गोवा के कैनाकोना गांव के वन क्षेत्र में मिला था। उस समय डेनियल 28 वर्ष की थीं। पोस्टमार्टम से पता चला कि उसकी हत्या से पहले बलात्कार किया गया था।गोवा की अदालत ने 2017 के डेनियल मैकलॉघिन के रेप-मर्डर कांड में 31 वर्षीय आरोपी विकट भगत को दोषी पाया था जिसे आज सजा सुनाई गई। 28 वर्षीय पीड़िता, जो ब्रिटिश-आयरिश दोहरी नागरिकता वाली थी, फरवरी 2017 में एक दोस्त के साथ छुट्टियां मनाने गोवा आई थी।

## शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण की होगी शुरुआत

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री चौहान रायसेन से करेंगे शुभारंभ

भोपाल(निप्र)। केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 फरवरी को रायसेन में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी, प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पवार, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, केन्द्रीय सचिव भूमि संसाधन मनोज जोशी, संयुक्त सचिवकुणाल सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे। नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व



का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। संपत्ति रिकॉर्ड प्रशासन के लिए आईटी-आधारित प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता को बढ़ावा देगी और सतत विकास का समर्थन करेगी। नक्शा शुभारंभ कार्यक्रम में ड्रोन उड़ाए जाएंगे। मानक संचालन प्रक्रिया पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। नक्शा कार्यक्रम पर वीडियो एवं फ्लायर जारी किए जाएंगे। वाटर शेड यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। वाटर शेड वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा तथा वाटरशेड गान बजाया जाएगा।सर्वे ऑफ इंडिया नक्शा कार्यक्रम के लिए तकनीकी भागीदार है, जो हवाई सर्वेक्षण करने और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को तीसरे पक्ष के विक्रेताओं के माध्यम से ऑर्थोरेक्टीफाइड इमेजरी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) द्वारा एंड-टू-एंड वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा और भंडारण सुविधाएं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई) द्वारा प्रदान की जाएंगी।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद

महाकुंभ नगर(आरएनएस)। महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यात्रियों को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन बंद करने का फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन 17 फरवरी (आज) से 28 फरवरी तक बंद रहेगा। प्रयागराज में कुल नौ रेलवे स्टेशन हैं। जिनमें से संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के करीब स्थित है।

बता दें कि महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। इससे पहले ही महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है। शहर के भीतर और बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण से शहर और उसके आसपास के इलाकों में जाम देखा गया था।

## ज्ञानेश कुमार होंगे देश के अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त




### डॉ.विवेक जोशी नए चुनाव आयुक्त बनेंगे

नई दिल्ली(ए.)। निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। ज्ञानेश कुमार निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। इससे पहले देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए थे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल आज (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है।अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्ट लिस्ट किया था।

## ज्ञानवापी के लिए संतों की हुंकार, महाकुंभ में हुई बैठक में कहा- आंदोलन से होगी मंदिरों की मुक्ति

प्रयागराज(ए.)। श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर ज्ञानवापी सहित सभी मंदिरों को मुक्त कराया जाएगा। काशी की संस्कृति पर जो संकट मंडरा रहा है, उसका समाधान श्रीराम जन्मभूमि की तरह ही निकाला जाएगा। श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास की ओर से रविवार को महाकुंभ की धरती से काशी में सनातन संस्कृति बचाओ जनजागरण अभियान आरंभ हुआ। श्री सुमेर पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, काशी अक्षुण्ण धरोहर है।




## चीन पर सैम पित्रोदा का बयान, गलवान के शहीदों का अपमान : भाजपा

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान को गलवान के शहीदों का अपमान बताया है। पित्रोदा ने कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। लेकिन, कुछ शक्तियां इसे प्रभावित करने में लगी हुई है। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने आज चीन को लेकर आज जिस प्रकार का बयान दिया है, उससे यह बात बहुत साफ हो गई है कि कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ हुए करार का इजहार वो दिनदहाड़े कर दिया है। सांसद त्रिवेदी ने कहा, गंभीर बात ये है कि जिस प्रकार की बात सैम पित्रोदा ने कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति और भारत की संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है उन्होंने (पित्रोदा) कहा है कि चीन के साथ तो किसी प्रकार का विवाद ही नहीं है, यानी भारत ही आक्रामक मुद्रा लिए हुए है? भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के हर देश के साथ अच्छे और सौहार्दपूर्ण संबंध चाहती है।

## स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण : इसरो



नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सॉलिड मोटर्स के लिए स्वदेशी रूप से विकसित '10-टन प्रोपेलेंट मिक्सर' को भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण बताया है।इस प्रोपेलेंट मिक्सर को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एसएचएआर, इसरो द्वारा सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (सीएमटीआई), बेंगलुरु के सहयोग से विकसित और निर्मित किया गया है। सीएमटीआई भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान और विकास संगठन है। 10-टन वर्टिकल मिक्सर का वजन लगभग 150 टन है और इसकी लंबाई 5.4 मीटर, चौड़ाई 3.3 मीटर और ऊंचाई 8.7 मीटर है।

इसरो ने कहा, स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर का निर्माण भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है।एजेंसी ने कहा, अंतरिक्ष विभाग ने 'आत्मनिर्भर अंतरिक्ष' के हिस्से के रूप में क्रिटिकल टेक्नोलॉजीज, सामग्रियों और मशीनरी के स्वदेशी विकास की दिशा में कई पहल की हैं।यह सॉलिड प्रोपेलेंट की प्रोसेसिंग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा वर्टिकल प्रोपेलेंट मिक्सर है। जो कि किसी बड़े तकनीकी चमत्कार से कम नहीं है। 'सॉलिड प्रोपेलेंट' रॉकेट मोटर्स की बैकबोन हैं और उनके प्रोडक्शन के लिए अधिक सेंसिटिव और खतरनाक इंग्रेडिएंट्स के सटीक मिश्रण की जरूरत होती है।इसरो ने कहा कि वर्टिकल मिक्सर के डेवलपमेंट में शिक्षाविदों और उद्योगों के साथ सहयोग शामिल है और इसने फैक्ट्री लेवल स्वीकृति टेस्ट भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।यह हाई-कैपेसिटी मिक्सर हेवी सॉलिड मोटर प्रोडक्शन के लिए प्रोडक्टिविटी, क्वालिटी और सुधार पेश करेगा। इस सिस्टम में कई उपकरण हैं, जो कि हाइड्रोस्टैटिक ड्रिवन हैं और एक पीएलसी-बेस्ड कंट्रोल सिस्टम को इस्तेमाल करते हुए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (एससीएडीए) स्टेशन के साथ रिमोटली ऑपरेट किए जा सकेंगे।

## पंजाब में बड़ी वारदात, पत्नी की सुपारी किलरों से हत्या करवाकर पति ने रचा लूट का ड्रामा, प्रेमिका भी गिरफ्तार

लुधियाना(आरएनएस)। रविवार रात डेहलों में लुटेरों द्वारा लूट के दौरान कारोबारी की पत्नी की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति अनोख मित्तल और उसकी प्रेमिका प्रतीक्षा समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अनोख व उसकी प्रेमिका ने किराए के कातिलों से लिप्सी उर्फ मानवी मित्तल की साजिशन हत्या करवाई थी। आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के नाम अमृतपाल सिंह उर्फ बल्ली, गुरदीप सिंह उर्फ मान, सोनू, सगरदीप हैं।

उल्लेखनीय है कि अनोख ने पुलिस को बताया था कि वह पत्नी लिप्सी के साथ डिनर करके घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में 5-6 बदमाशों ने उनकी कार घेर कर उन दोनों को कार से बाहर निकाला। बदमाशों ने जमकर पिटाई की और लिप्सी की हत्या कर दी। पुलिस को प्राथमिक जांच में ही पति पर शक था। जांच के बाद तथ्य सामने आने के बाद मामले का खुलासा हो गया।

K✌K

राजधानी समाचार





# पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खेलों में भी अर्जित कर रही हैं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने किया 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स का अर्धकुंभ आरंभ हो रहा है। पुलिस, नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। पुलिस बल के अनेक जवानों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है। राजा भोज द्वारा निर्मित भोपाल के ऐतिहासिक बड़े तालाब में अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन, प्रदेश सहित राजधानी भोपाल के लिए गौरव का विषय है। इस आयोजन से वॉटर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बड़े तालाब स्थित आयोजन स्थल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में आगमन पर पुलिस बैंड द्वारा अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल आई विभिन्न राज्यों और पुलिस इकाइयों के टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगे गुब्बारों के प्रदर्शन और उन्हें मुक्त आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सम्मुख प्रतियोगी टीमों द्वारा मार्च-पास्ट तथा रो-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहभागी टीमों को शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा अखिल भारतीय आयोजन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा लगातार देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं। अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया तथा वरिष्ठ पुलिस



अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, सेना इत्यादि में प्रवेश लेने वालें को जवान कहा जाता है, इस आशय से वे सेवाकाल तक जवान ही रहते हैं। वे उत्साह, उमंग और देश व देशवासियों के प्रति सेवा और समर्पण के भाव से कार्य करते रहें, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेल से मन, बुद्धि, आत्मा की शुचिता के संकल्प को भी साधा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न राज्यों तथा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की टीमों का राज्य सरकार की ओर से स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रतियोगिता में उनकी सफलता की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार पंचमहाभूतों में जल की विशेष महत्ता है। जीव की उत्पत्ति जल से होती है, अत- जीव सदैव जल की ओर विशेष रूप से आकर्षित होते है। इसी का परिणाम है कि मन की शांति के लिए व्यक्ति प्राय- जल स्त्रोतों के पास ही आते हैं। राजा भोज द्वारा निर्मित भोपाल का विशाल ताल अद्भुत है, साथ ही यह बांध निर्माण का विशिष्ट उदाहरण भी है। इसमें नदी की धारा को अवरूद्ध किए बिना चट्टानों से बनी रचना के माध्यम से पानी के संचय का प्रबंधन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 से 21 फरवरी तक चलने वाली वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग के महिला-पुरूष वर्ग की कुल 27 प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से 360 मेडल्स और ट्रॉफियों का निर्णय होगा। प्रतियोगिता में देश के राज्य पुलिस बलों और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की 22 टीमों के 557 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 123 महिलाएं हैं। इससे पहले पाँच बार मध्यप्रदेश पुलिस ने अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया, यह छठवीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि खेलों का वैश्विक स्तर पर लंबा इतिहास रहा है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में भी खेलों का उल्लेख मिलता है। राजा भोज द्वारा भोपाल में विकसित तालाब, वातावरण को शुद्ध करने और जल का स्त्रोत होने के साथ-साथ वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को आधार प्रदान कर रहे हैं। भोपाल का नाम देश में वॉटर स्पोर्ट्स राजधानी के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा इसके लिए आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

भोपाल(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने *झाबुआ जिले के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र कुमार सोनी* के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्यकारिणी सभा की 15वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संपन्न हुई

भोपाल (आरएनएस)। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जन अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन तथा प्रस्फुटन समितियां कृषकों को सोलर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गोपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। संपूर्ण प्रदेश में दोनों गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव द्वारा दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने जन अभियान परिषद द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहयोग से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के लिए समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव द्वारा जन अभियान परिषद के संभागीय समीक्षा प्रतिवेदन 2024 -25 तथा स्वैच्छिक संगठनों का संसार पुस्तिका का विमोचन किया गया।

## मांग पर नर्सिंग काउंसिल ने जारी किया परीक्षा टाइम टेबल, 1 अप्रैल से शुरु होंगी GNM और UANM की परीक्षाएं

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने गुरुवार को मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष मनोज सरियाम को ज्ञापन सौंपा कर तत्काल परीक्षा करवाने की मांग की थी उसके बाद शुक्रवार को मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने 2022-23 सत्र के GNM और ANM नर्सिंग छात्रों की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 1 अप्रैल 2025 से शुरू होंगी 8 अप्रैल तक चलेगी । NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने इसे छात्र-छात्राओं की बड़ी जीत बताया और कहा कि तीन साल से परीक्षा का इंतजार कर रहे हजारों नर्सिंग विद्यार्थियों को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि NSUI लगातार छात्र हितों की लड़ाई लड़ रहा है और आगे भी छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगी । रवि परमार ने बताया कि GNM और ANM के 2022-23 बैच के छात्रों की प्रथम वर्ष की परीक्षा लंबे समय से रुकी हुई थी, जिससे उनके शैक्षणिक भविष्य पर संकट बना हुआ था NSUI ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और सरकार व नर्सिंग काउंसिल पर लगातार दबाव बनाया। इसके बाद आखिरकार परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई।

## कुख्यात बदमाश 6000 के इनामी सलमान लाला को हवाला से दुबई में 2 करोड रुपए पहुंचाने वाला मंदसौर का कारोबारी प्रमोद पुलिस गिरफ्त में

भोपाल (आरएनएस)। कुख्यात बदमाश सलमान लाला की दुबई में 5 करोड़ 44 लख रुपए की प्रॉपर्टी पासपोर्ट के दस्तावेज सहित हवाला के लिए 10 का आधा नोट पुलिस ने किया बरामद, मोबाइल की चैटिंग में हवाले से 5 करोड़ से अधिक के लेनदेन का रिकॉर्ड भी सामने आया मंदसौर का कारोबारी प्रमोद को न्यायालय में पेश कर पुलिस मांगेगा रिमांड कई खुलासा होने की संभावना, कुख्यात बदमाश 60000 हजार रुपए के इनामी बदमाश सलमान लाला को आर्थिक रूप से मदद करने वाला मंदसौर का एक कारोबारी मंडी पुलिस के हत्या चढ़ा है उसके पास से बदमाश सलमान लाला की दुबई की प्रॉपर्टी पासपोर्ट सहित हवाले के लिए 10 का आधार नोट मिला है यही उसके मोबाइल में हवाला से जुड़े लगभग 5 करोड़ से अधिक लेनदेन का रिकॉर्ड भी पुलिस को मिला है प्रारंभिक पूछताछ में कारोबारी ने सलमान लाला को हवाले के माध्यम से दुबई में 2 करोड़ रुपए देने की बात भी पुलिस को बताई है पुलिस न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगेगा ताकि और भी जानकारी सामने आ सके।

## मध्य प्रदेश में निवेश बढ़ाने की दिशा में सरकार को पूर्ण सहयोग, लेकिन निवेश धरातल पर भी दिखना चाहिए : जीतू पटवारी



भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन्वेस्टर्स समिट का समर्थन किया और कहा कि प्रदेश में हो रहे इन्वेस्टर समिट का हम समर्थन करते हैं, क्योंकि निवेश से ही प्रदेश का आर्थिक विकास संभव है। किसी भी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार देना और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना होना चाहिए। इस दृष्टि से, निवेश आकर्षित करना एक महत्वपूर्ण पहल है। श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से विकास और जनहित की योजनाओं का समर्थन करती रही है। लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि सिर्फ़ समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर करने से विकास नहीं होगा, जब तक कि उन पर धरातल पर प्रभावी अमल नहीं किया जाता। पिछले इन्वेस्टर समिट में जो वादे किए गए थे, वे आज तक अधूरे हैं। कई उद्योगों की घोषणाएँ की गईं, लेकिन ज़्यादातर या तो शुरू ही नहीं हो पाईं या फिर अधर में लटकी रहीं। "हम उम्मीद करते हैं कि यह समिट सिर्फ़ एक औपचारिक आयोजन न बनकर प्रदेश के विकास में वास्तविक योगदान दे। सरकार को चाहिए कि वह पिछली विफलताओं की समीक्षा करे और सुनिश्चित करे कि इस बार निवेश के नाम पर किए गए समझौते वास्तव में ज़मीन पर उतरें। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार को पूर्ण सहयोग देने को तैयार है, ताकि मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बने और यहाँ के युवा, किसान और व्यापारी लाभान्वित हों। हम यह भी चाहते हैं कि सरकार इन निवेश प्रस्तावों की नियमित निगरानी करे और जनता के सामने स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। मध्य प्रदेश की जनता के हित में हम सरकार के हर सकारात्मक प्रयास का समर्थन करेंगे, बशर्ते कि वह धरातल पर दिखे और सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित न रह जाए।

## जर्मनी से कल्चरल और एजुकेशनल टूर पर आयेगे पर्यटक : प्रमुख सचिव श्री शुक्ला

भोपाल (आरएनएस)। जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन (DRV) का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के पर्यटन बाजार में विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शेव शेखर शुक्ला से एमपी टूरिज्म बोर्ड में भेंट कीद्य प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय फेमिलियराइजेशन (FAM) टूर के तहत राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों और अनुभवों का अनुभव करने आया है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का यह टूर जर्मनी ट्रैवल एसोसिएशन के साथ प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर्स के समन्वय को बढ़ाएगा। जर्मनी से आने वाले पर्यटकों की रुचि अनुरूप प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर ट्रैवल प्लान बनायेगे। प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से जर्मनी से कल्चरल और शैक्षणिक टूर के माध्यम से पर्यटकों को मध्यप्रदेश आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन (DRV) के अध्यक्ष नॉर्बर्ट फिबिग और राजनीतिक मामलों एवं आउटबाउंड ट्रैवल प्रमुख श्री वोल्कर एडम्स कर रहे है। अन्य सदस्यों में अर्न्स्ट कोल्सपेरगर (स्टूडियोसस रेज़ेन), श्री फेलिक्स विल्के (लर्नईडे एर्लेबनिसरेज़ेन) और सुश्री सोंगुल गोक्टास-रोसाती (बेंटूर रेज़ेन) है। प्रतिनिधिमंडल को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका, साँची, खजुराहो, ट्राइबल म्यूजियम, ओरछा, तथा पन्ना राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया जा रहा है।

# एम्स भोपाल में हुई दुर्लभ सर्जरी-आंख से निकला 1 इंच लंबा जीवित परजीवी



भोपाल (आरएनएस)। एम्स भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग ने एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल सर्जरी की है। इस सर्जरी के दौरान मरीज की आंख से एक इंच लंबा जीवित परजीवी कीड़ा निकाला गया, जो रेटिना के पास था। जांच के बाद इसकी पहचान ग्नाथोस्टोमा स्पिनिजेरम के रूप में हुई है। दुनिया में अब तक ऐसे केवल 3-4 मामले ही दर्ज किए गए हैं।

मध्य प्रदेश के रूसल्ली निवासी 35 वर्षीय मरीज को आंखों में लालिमा और दृष्टि कमजोर होने की समस्या थी। उन्होंने कई चिकित्सकों से परामर्श लिया और स्टेरॉयड आई ड्रॉप्स और दवाओं का उपयोग किया, लेकिन इससे केवल अस्थायी राहत मिली। जब उनकी दृष्टि और अधिक धुंधली होने लगी, तो वे एम्स भोपाल पहुंचे। यहां जांच के दौरान उनकी आंख के कांचीय द्रव (विट्रियस जेल) में एक जीवित परजीवी कीड़ा पाया गया।

मुख्य रेटिना सर्जन डॉ. समेंद्र करखुर ने बताया कि, आंख से एक बड़े और जीवित परजीवी को निकालना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, यह कीड़ा पकड़ने से बचने की कोशिश करता है, जिससे सर्जरी और भी मुश्किल हो जाती है। इसे सुरक्षित रूप से निकालने के लिए हमने उच्च सटीकता वाली लेजर-फायर तकनीक का उपयोग किया, जिससे परजीवी को बिना आसपास की नाजुक रेटिना संरचनाओं को नुकसान पहुंचाए निष्क्रिय कर दिया गया।

इस परजीवी की पहचान ग्नाथोस्टोमा स्पिनिजेरम के रूप में हुई, जो आंख के अंदर अत्यंत दुर्लभ मामलों में पाया जाता है। यह परजीवी कच्चे या अधपके मांस के सेवन से मानव शरीर में प्रवेश करता है और त्वचा, मस्तिष्क और आंखों सहित विभिन्न अंगों में प्रवास कर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

डॉ. करखुर ने बताया कि, मरीज अब स्वस्थ हो रहा है और जल्द ही उसकी दृष्टि में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि, अपने 15 वर्षों के करियर में उन्होंने पहली बार ऐसा मामला देखा और इसे सफलतापूर्वक प्रबंधित किया।

एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने चिकित्सा टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा, यह मामला एम्स भोपाल की चिकित्सा उत्कृष्टता और रोगी देखभाल के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। ऐसे दुर्लभ और जटिल सर्जिकल मामलों को सफलतापूर्वक प्रबंधित करना हमारी नेत्र शल्य चिकित्सा में विशेषज्ञता को साबित करता है। यह उपलब्धि न केवल एम्स भोपाल की चिकित्सा क्षमताओं को प्रदर्शित करती है, बल्कि परजीवी संक्रमण और उनके संभावित जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## घर से भागकर नेता बनने निकला 12 साल का बच्चा, जीआरपी ने पकड़ा तो बोला-अखिलेश यादव का फैन हूं..

भोपाल(आरएनएस)। मोबाइल, सोशल मीडिया पर रिल्स का बालकों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसका ताजा उधाहरण खंडवा में देखने को मिला। सोशल मीडिया पर रिल्स् देखकर 12 वर्षीय बालक प्रभावित हुआ और स्कूल छोड़कर राजनेता बनने के लिए ट्रेन में बैठ गया। ट्रेन में बैठकर वह प्रयागराज की ओर रवाना भी हो गया। गनीमत रही कि उसके पास टिकट नहीं होने से खंडवा में जीआरपी ने पूछताछ के दौरान उसे पकड़ा लिया। उसकी बातें सुनकर जीआरपी को शंका हुई और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बाल कल्याण समिति को दी। समिति पदाधिकारियों और सदस्यों ने उसकी कांउसलिंग की। स्वजन को जानकारी देकर खंडवा बुलवाया और बालक को उनके सुपुर्द किया।

**-मुंबई का रहने वाला है बच्चा**

मामला रविवार का है। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि मामला महाराष्ट्र के मुबंई का है। मुंबई के 12 वर्षीय बच्चे को नेता बनने का ऐसा भूत सवार हुआ कि घर से स्कूल जाने के लिए निकला और प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में बैठ गया।

आरपीएफजवानों को ट्रेन में अकेला देख शक हुआ तो पूछताछ की। बच्चे कि बात सुनकर पुलिस समझ गई कि बच्चा प्रयागराज जा रहा है और उसने स्वजन को भनक नहीं लगने दी।

जब वह खंडवा पहुंचा तब अधिकारियों ने पूछताछ की, बच्चे ने राजनेता बनने जा रहा हूं कहा।

तब उसे न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पर जांच कर पाया कि वह मुंबई का रहने वाला है।

## मप्र सरकार की लापरवाही से सवैधानिक संकट की स्थिति बन गई : कमलनाथ

### --ओबीसी को 27%आरक्षण देने के कानून पर हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई गई

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने शुक्रवार को बताया कि पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के मामले में



मध्य प्रदेश सरकार की एक चूक से संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है। इसका बड़ा कारण विधायिका द्वारा बनाए गए कानून का पालन नहीं कराना संवैधानिक संकट की परिधि में आता है। विधायिका द्वारा पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के कानून पर हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोई रोक नहीं लगाई गई है। यद्यपि मध्य प्रदेश में 2018 तक पिछड़ा वर्ग को 14त्न आरक्षण मिलता था लेकिन जब वे सीएम बने,पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून विधानसभा से पारित कराया।

कमलनाथ ने कहा है कि अब 2021 की स्थिति बन गई है. जिसमें 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होता है क्योंकि पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कानून पर कोई स्टे आर्डर जारी नहीं किया है। उसने सिर्फ इतना है कि लंबित याचिकाओं को लेकर 21 मार्च 2025 को यह तय होगा कि मामले पर वे स्वंय या हाईकोर्ट सुनवाई करें। इस मामले में मप्र सरकार का यह कहना कि वह ओबीसी के हक में सुप्रीम कोर्ट में गई तो यह गुमराह करने वाला है। ट्रांसफर पिटिशन को लेकर गलत व्याख्या की जा रही है।

## मराठी विश्वकर्मा पांचाल सुतार समिति के स्नेह सम्मेलन में सम्मिलित हुए सबनानी

भोपाल (आरएनएस)। मराठी विश्वकर्मा पांचाल सुतार समिति द्वारा रविवार को धन्वंतरी पार्क में स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के प्रतिभाशाली को सम्मानित भी किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री वह दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज के अध्यक्ष उत्तमराव कोलनकर मुख्य अतिथि का शाल और श्रीफल से स्वागत किया, समिति के सदस्यों द्वारा भी क्षेत्रीय विधायक का माला पहनकर स्वागत किया गया। सबनानी ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक एकता के लिए जरूरी है कि समाज के लोग मिलजुल कर रहे और समय-समय पर आयोजन कर मिलते रहे, हमारे बुजुर्गों ने सामाजिक ढांचे को मजबूत करने के लिए ही समाज में मिलजुल कर रहने के लिए त्योहारों के महत्व को समझाया है, और सार्वजनिक उत्सव के द्वारा भी समाज में सामाजिक एकता और भाईचारा बना रहता है मैं इस अवसर पर समाज के सभी प्रतिभाशाली बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं

# प्रदेश के घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा दुकानें 1 अप्रैल 2025 से होंगी बंद

### -दुकान परिसर में मदिरापान की नहीं रहेगी अनुमति

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति के अनुसार प्रदेश में घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा दुकानों को 1 अप्रैल 2025 से बंद कर दिया जाएगा। इनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, बरमान खुर्द, कुंडलपुर, बांदकपुर शामिल है। नई आबकारी नीति के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाइन आउटलेट के लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे एवं उनके संचालन की अनुमति भी नहीं होगी।

नये जिलों में मदिरा दुकानों का संचालन एवं प्रशासन वहां के जिला कलेक्टरों के अधीन किया जाएगा। जनजातीय बंधुओं के हित में वाइन शॉप पर वाइन एवं हेरिटेज मदिरा का विक्रय किया जा सकेगा। एयरपोर्ट



काउंटर पर भी हेरिटेज मदिरा विक्रय की अनुमति रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान के परिसर में मदिरापान की अनुमति नहीं होगी।

**प्रत्येक जिले में जिला निष्पादन समिति**

नई आबकारी नीति के अनुसार प्रत्येक जिले में जिला निष्पादन समिति गठित की जाएगी। जिला निष्पादन समिति मदिरा दुकानों का विस्थापन कर जिले में अन्य स्थान पर विस्थापित दुकान खोलने, दुकान का पोटेंशियल क्षेत्र निर्धारित करने, दुकानों का आरक्षित मूल्य निर्धारण करने, मदिरा दुकानों के एकल समूह का गठन या पुनर्गठन करने, शासन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दुकानों का निष्पादन करने संबंधी सभी कार्य करेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मदिरा दुकान बंद करने के लिए आबकारी आयुक्त प्रस्ताव दे सकेंगे। अंतिम निर्णय राज्य शासन स्तर पर होगा। वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि उपरांत वर्ष 2025-26 के लिए आरक्षित मूल्य का निर्धारण किया गया है। वर्ष 2025-26 में सर्वप्रथम वर्तमान वर्ष 2024-25 के अनुज्ञप्तिधारियों को नवीनीकरण का अवसर प्रदान किया गया है। तदोपरांत लॉटरी आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

# कृषि विज्ञान मेला सह टमाटर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, बायर सेलर कार्यशाला एवं युवा रोजगार सृजन परिसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न

### जिले में कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए पहली बार हुआ बॉयर सेलर मीट का आयोजन

झाबुआ (आरएनएस)। झाबुआ जिलें में टमाटर का उत्पादन बहुतायत क्षेत्रफल में होता है। वर्तमान में टमाटर का रकबा लगभग 2730 हैक्टेयर है व कुल उत्पादन 1.63 लाख मेट्रिक टन है। जिले के पेटलवाद थांदला सहित अन्य विकासखंडों में कृषकों द्वारा ड्रिप आधारित सिंचाई पद्धति से टमाटर की कृषि की जाती है। जब टमाटर का भाव कम हों तब कृषक अपने उत्पाद कों प्रसंस्कृत कर बाजार में बेचकर अधिक लाभ कमा सकता है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखतें हुए कलेक्टर नेहा मीना ने नवाचार करते हुए 03 जुलाई 2024 को एक बैठक का आयोजन जिला अधिकारीयों, एफ.पी.ओ., खाद्य प्रसंस्करण उद्यमीयों व जिलें के उन्नत टमाटर उत्पादक कृषकों को उपस्थिती में किया गया। कलेक्टर द्वारा उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि झाबुआ जिलें में टमाटर उत्पादक कृषकों का



एक कलस्टर तैयार कर एक हब का निर्माण किया जाए, जिसमें टमाटर से संबंधित सभी उत्पाद जैसे टमाटर सॉस, टमाटर केचअप, टमाटर प्युरी, टमाटर पावडर आदि का उत्पादन किया जाए, जिससें कृषकों को अपनी उपज का सही दाम प्राप्त हो सकें। मात्र 06 माह में झाबुआ जिलें में 10 टमाटर ड्रायर व 01 युनिट टमाटर सॉस की स्थापित होकर क्रियाशील भी हो गई है। इन्ही प्रयासों को सुनियोजित ढंग से बड़े पैमाने पर विस्तार देने के उद्देश्य से आज यह बायर सेलर कार्यशाला का आयोजन किया गया ताकि टमाटर प्रसंस्कृत उत्पादों का उचित दाम प्राप्त हो सके। कृषि विज्ञान मेला सह टमाटर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, बायर सेलर कार्यशाला एवं युवा रोजगार सृजन परिसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री महिला एवं विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया ने फीता काटकर किया।

## वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से तीन दिन में खाली कराई 800 एकड़ जमीन

खंडवा (आरएनएस) । नाहरमाल गांव के जंगल में वन विभाग ने ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिन की कार्रवाई में 800 एकड़ को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा लिया है। इससे पहले दो महीने पहले की कार्रवाई में 200 एकड़ जमीन खाली कराई गई थी।

गुड़ी रेंजर नरेंद्रसिंह पटेल के अनुसार वर्ष 2019 में नाहरमाल क्षेत्र में करीब 1300 एकड़ जंगल पर अतिक्रमण किया गया था। इस बार की कार्रवाई में नाहरमाल बीट के कक्ष क्रमांक 749 में जेसीबी मशीनों से खंतिया खोदकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

पहले चरण में जब वन विभाग ने 50 जेसीबी मशीनों के साथ कार्रवाई शुरू की थी, तब अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। इस घटना के बाद प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। लेकिन नाहरमाल के ग्रामीणों ने वन विभाग से मुलाकात कर दोबारा कार्रवाई की योजना बनाई और पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने न केवल अतिक्रमणकारियों का विरोध किया, बल्कि उनकी गतिविधियों की लगातार जानकारी भी वन विभाग को देते रहे। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शेष जमीन को भी एक-दो दिन में अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाएगा।

## बैतूल को मिलेगा नया एयरपोर्ट

बैतूल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश को केंद्रीय बजट में 12 नए मेडिकल कॉलेज और बैतूल में एयरपोर्ट समेत कई बड़ी योजनाओं की सौगात मिली है। इससे प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 21 हो जाएगी और 2,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटें उपलब्ध होंगी। यह जानकारी बैतूल के विजय भवन भाजपा कार्यालय में रविवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने दी। उन्होंने बताया कि बजट में किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है, जिससे 70 लाख किसानों को लाभ होगा। डेयरी और मत्स्य पालन करने वाले 7.50 लाख किसानों को भी योजनाओं से जोड़ा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के 9,000 स्कूलों को ब्रॉडबैंड सुविधा से जोड़ा जाएगा और जल जीवन मिशन के तहत 36 लाख घरों में नल से जल पहुंचाया जाएगा।

बजट में बैतूल के लिए नए एयरपोर्ट की घोषणा की गई है, जो अगले 10 वर्षों में बनने वाले 120 नए एयरपोर्ट में शामिल होगा। यह क्षेत्र के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगा।

## ट्रकों ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी,दो की मौत

शिवपुर(आरएनएस)। रविवार सुबह दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब दो ट्रक ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। ट्रॉली में भरी पत्थर की फर्सी दोनों भाइयों पर गिर गई, जिससे मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

हादसे से पहले दोनों भाई ट्रैक्टर का टायर बदल रहे थे। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन के अधिकारियों की समझाइश पर 2 घंटे बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया।

हादसा सुरवाया थाना क्षेत्र के एनएच-27 अमोला घाटी में हुआ। मोहनगढ़ के दो सगे भाई मस्तराम गुर्जर (25) और सेवाराम गुर्जर (24) अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्थर की फर्सी भरकर करैरा जा रहे थे। इसी दौरान अमोला घाटी में ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर हो गया।

दोनों भाई सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर टायर का पंक्चर ठीक कर रहे थे। इसी बीच शिवपुरी से झांसी की ओर जा रहे दो ट्रक एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे, तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर से ट्रॉली पलट गई और उसके नीचे दबने से दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

# खनिज अधिकारी गुणवत्ता के साथ कार्य करें और समय सीमा में राजस्व प्राप्ति में लक्ष्यों को पूरा करें

### संभागायुक्त दीपक सिंह ने खनिज अधिकारियों की संभागीय समीक्षा बैठक ली




इन्दौर (आरएनएस)। संभागायुक्त दीपक सिंह ने आज संभागायुक्त कार्यालय में इंदौर संभाग के खनिज अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी, खनिज विभाग के रीजनल हैड एन.एच. वाघमारे, डिप्टी डायरेक्टर मनु डावर सहित धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बडवानी, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से संभाग के सभी जिलों में चल रही खदानों से प्राप्त राजस्व, अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, कर निर्धारण आदि विषयों के बारे में चर्चा कर समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे राजस्व वसूली में गति लाये और निर्धारित समय सीमा में राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करें। साथ ही अवैध उत्खनन के प्रकरणों का निपटान भी समय सीमा में कराये। अवैध परिवहन के प्रकरणों में कमी लाये। खनिज एवं अन्य विभागों का संयुक्त दल गठित करें और समयावधि में उसका निराकरण कराये। बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि इस बार राजस्व प्राप्ति में इंदौर संभाग का प्रदर्शन अच्छा रहा। माह जनवरी में इंदौर संभाग ने कुल 147.675 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया।

जिसमें धार, झाबुआ और आलीराजपुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। माह जनवरी में धार जिले ने 83.84 करोड़ रुपये, झाबुआ - 8.33 करोड़ रुपये और आलीराजपुर ने 4.575 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया। संभाग में अवैध उत्खनन के 127 प्रकरण दर्ज किये गए। जिसमें से 92 प्रकरण निराकृत किये जाकर 87.823 लाख रुपये की राशि वसूल की गई। संभाग में अवैध परिवहन में भण्डारण के कुल 987 प्रकरण दर्ज किये जिसमें से 867 प्रकरण निराकृत किये जाकर 921.11 लाख रुपये वसूल किये गए।

## दतिया में शुरू हुई पुलिस की वार्षिक चांदमारी,आधुनिक ऑटोमैटिक हथियारों का प्रशिक्षण दिया जा रहा

दतिया (आरएनएस)। दतिया पुलिस ने रविवार से बड़ौनी तिराहे स्थित फायरिंग रेंज में वार्षिक चांदमारी का आयोजन शुरू किया है। प्रशिक्षण तीन दिन चलेगा, जिसमें पुलिस कर्मी विभिन्न आधुनिक हथियारों का अभ्यास करेंगे।एसपी वीरेंद्र मिश्रा के निर्देश पर शुरू हुई इस चांदमारी में रक्षित निरीक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एएसपी सुनील शिवहरे ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में तैनात आरक्षक, प्रधान आरक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को 5.56 इंसास, 7.62 एसएलआर और 303 रायफल जैसे आधुनिक ऑटोमैटिक हथियारों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन 100 से अधिक पुलिस कर्मियों ने चांदमारी में भाग लिया और टारगेट पर निशाना साधा। यह वार्षिक अभ्यास पुलिस कर्मियों की फायरिंग क्षमता को बढ़ाने और उन्हें हथियारों के बेहतर उपयोग में सक्षम बनाने के लिए किया जाता है।

## व्यापार समाचार

## नीता अंबानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर ने किया सम्मानित



मैसाचुसेट्स ( आरएनएस)। रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी को अमेरिका के राज्य मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने सम्मानित किया है। नीता अंबानी को दिए प्रशस्ति पत्र में उन्हें एक दूरदर्शी और परोपकारी व्यक्तित्व के रूप में मान्यता दी गई है। बोस्टन में एक विशेष समारोह में नीता अंबानी को यह सम्मान मिला।

गवर्नर ऑफिस ने कहा है कि यह सम्मान नीता अंबानी के शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए प्रभावी काम और उनके समर्पण भाव का सम्मान है - जिसने भारत और वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

नीता अंबानी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कला, परंपरा व संस्कृति के प्रदर्शन का कोई अवसर नहीं गंवाती। बोस्टन में हुए समारोह में भी नीता अंबानी ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत की प्रतीक और हाथ से बुनी हुई शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनी। जटिल बुनाई तकनीक और पारंपरिक कोन्या डिजाइन वाली यह साड़ी, भारतीय शिल्प कौशल की मिसाल है।

# शेयर मार्केट की बिकवाली में रिलायंस इंडस्ट्रीज को लगा बड़ा झटका, डूबे 67,000 करोड़ रुपये

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता काफी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। इस कारण देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस के मार्केट कैप में 67,000 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। 10 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 1920 अंक या 2.47 प्रतिशत और निफ्टी में 630 अंक या 2.68 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इस कारण देश में सबसे अधिक बाजार मूल्यांकन वाली 10 में से 8 कंपनियों का मार्केटकैप 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक कम हो गया है।

इसमें सबसे अधिक नुकसान रिलांयस इंडस्ट्रीज को हुआ है। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी का मार्केटकैप 67,526 करोड़ रुपये कम होकर 16,46,822 करोड़ रुपये रह गया है। वहीं, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 34,950 करोड़ रुपये कम होकर 14,22,903 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 28,382 करोड़ रुपये घटकर 12,96,708 करोड़ रुपये और आईटीसी का मार्केट कैप 25,429 करोड़ रुपये कम होकर 5,13,699 करोड़ रुपये रह गया है। इन्फोसिस का मार्केटकैप 19,287 करोड़ रुपये गिरकर 7,70,786 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 13,431 करोड़ रुपये कम होकर 6,44,357 करोड़ रुपये रह गया है।

इसके अतिरिक्त एचयूएल का मार्केटकैप 10,714 करोड़ रुपये कम होकर 5,44,647 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,230 करोड़ रुपये कम होकर 5,20,082 करोड़ रुपये हो गया है। शीर्ष 10 में बीते हफ्ते केवल भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केटकैप में बढ़त दर्ज की गई है।

भारती एयरटेल का मार्केटकैप 22,426 करोड़ रुपये बढ़कर 9,78,631 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 1,182 करोड़ रुपये बढ़कर 8,88,815 करोड़ रुपये हो गया है। बाजार की गिरावट का नेतृत्व निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने किया और यह हफ्ते में 9 प्रतिशत से अधिक फिसल गया। वहीं, निफ्टी




ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई।

इसके अलावा निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स में कोरोना के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट हुई है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स हफ्ते के दौरान 9.5 प्रतिशत फिसल गया, जो कि कोविड-19 के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इस दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.59 प्रतिशत और 3.24 प्रतिशत गिरकर बंद हुए।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गिफ्ट सिटी में ब्रांच स्थापित करने के लिए आरबीआई ने दी मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा रविवार को ऐलान किया गया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से गुजरात की गिफ्ट सिटी में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) बैंकिंग यूनिट स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। यह शाखा भारत से ऑफशोर बैंकिंग परिचालन के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहली यूनिट होगी।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ निधु सक्सेना ने कहा, यह हमारे बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार कर रहे हैं। गिफ्ट सिटी में आईबीयू का उद्घाटन बैंक की ग्रोथ स्टोरी में एक और मील का पत्थर होगा।

उन्होंने आगे कहा कि नई शाखा अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग व्यवसाय का विस्तार करने में मदद करेगी और बैंक को अपने ग्राहकों को विशेष बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में भी सक्षम बनाएगी।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बयान में कहा कि गिफ्ट सिटी को इंटरनेशनल फाइनेंशियल हब बनाने का समर्थन करते हुए यह देश की पहली आईएफएससी होगी। इस का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर वर्ल्ड क्लास बैंकिंग सर्विसेज उपलब्ध कराना और ऑफशोर फाइनेंशियल हब पर निर्भरता कम करके फाइनेंशियल इकोसिस्टम में क्रांति लाना है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। वित्त वर्ष 25 की दिसंबर तिमाही में बैंक की आय 6,325 करोड़ रुपये और मुनाफा 1,412 करोड़ रुपये था।

## शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के चेहरे मायूस

मुंबई ( आरएनएस)। शेयर बाजार में आज कारोबारी हफ्ते का पहला दिन है और पहले ही दिन शेयर बाजार धड़ाम हो गया। बीएसई सेंसेक्स 608.83 अंक टूटकर 75,330.38 पर पहुंच गया है। इसी प्रकार एनएसई निफ्टी 194.50 अंक गिरकर 22,734.75 अंक पर पहुंच गया है। इस तरह बाजार ने अपना अहम सपोर्ट 23,800 को तोड़ दिया है। महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, जोमैटो, टीसीएस, इन्फोसिस आदि में बड़ी गिरावट है। बाजार में सारे इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। मिड कैप और स्मॉल कैप में आज भी बड़ी गिरावट है।पिछले हफ्ते निफ्टी में 2.8 प्रतिशत की गिरावट हुई है और गिरावट के लिहाज से यह इस साल का सबसे खराब हफ्ता था। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने इस गिरावट का नेतृत्व किया और यह हफ्ते में 9 प्रतिशत से अधिक फिसल गया। वहीं, निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई। अब तक निफ्टी मिडकैप में कोरोना के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट हुई है।

## होम लोन पर ब्याज के खिलाफ एसआईपी का फॉर्मूला

मुंबई (ए.)। आरबीआई के रेपो दर घटाने के बाद से कई बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती की है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी राहत है, जो पहली बार मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं। अगर आप भी होम लोन लेकर मकान खरीदना चाहते हैं, तो तय करें कि किस ब्याज दर पर कितने साल के लिए कितना कर्ज लेना है। इस बात की भी गणना करें कि ऋण



अवधि के दौरान आपको अपने कर्ज पर कितना ब्याज चुकाना होगा। गणना करने पर यह समझ में आ जाएगा कि आप जितना कर्ज ले रहे हैं, उससे ज्यादा आपको ब्याज चुकाना पड़ेगा। ब्याज के रूप में होने वाले इस नुकसान की भरपाई के लिए आप एसआईपी के 15 फीसदी फॉर्मूले का इस्तेमाल कर सकते हैं। पूरी कर्ज अवधि के दौरान चुकाए जाने वाले ब्याज का बोझ कम करने में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का 15 फीसदी का फॉर्मूला काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने होम लोन पर जितना ईएमआई चुकाते हैं, उसका 15 फीसदी हर महीने एसआईपी में डालना शुरू कर दें। कर्ज अवधि खत्म होते-होते आपके एसआईपी खाते में ब्याज राशि के बराबर या उससे ज्यादा रकम जमा हो जाएगी। मान लीजिए आपने एसआईपी में अपना मासिक योगदान बढ़ाकर 7,000 रुपये कर दिया। सालाना 12 फीसदी के अनुमानित रिटर्न पर यह योगदान 20 साल में बढ़कर 69,94,035 रुपये हो जाएगा। इसमें 53,14,035 रुपये का अनुमानित रिटर्न भी शामिल है।

# वैश्विक रुख, एफपीआई की गतिविधि तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

### डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल के दाम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे

मुंबई (ए)। कंपनियों का तिमाही परिणामों का सीजन समाप्त होने के बाद इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी, कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों और वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका से पिछले सप्ताह शेयर बाजारों की धारणा पर असर हुआ है। शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की नजरें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार




नीतियों की वजह से उत्पन्न हालात और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की निगाह आगे के संकेतों के लिए एफपीआई के प्रवाह और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर रहेगी। इसके साथ ही अमेरिकी शुल्क और वैश्विक व्यापार पर इसका प्रभाव भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

सप्ताह के दौरान फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी जारी किया जाएगा। एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर घटनाक्रमों के अभाव में वैश्विक रुझान बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में कई कारणों से गिरावट आई है। इसमें प्रमुख कारक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्यापारिक भागीदार देशों पर ऊंचा शुल्क लगाने की घोषणा है। इसके अलावा कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों तथा विदेशी निवेशकों की सतत निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### आप फिर सत्ता पर काबिज हो सकती थी

भाजपा का दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में काबिज हुई उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर सत्ता हासिल कर ली जबकि चुनाव पर कई प्रश्न खड़े है। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही।

परंतु कांग्रेस ने 6.36 फीसदी मत प्राप्त किये ये वहीं मत थे जो आप को मिल सकते थे और आप पुन: काबिज हो सकती थी। परंतु कांग्रेस से पटरी न बैठने के कारण सत्ता से बाहर होने पड़ा क्योंकि आप को 43.56 प्रतिशत मत मिले। भाजपा को 45.81 फीसदी मत मिले यादि कांग्रेस को मिले मतों में से यदि 5 फीसदी मत भी आप को मिले जाते तो दिल्ली की सत्ता का नजारा ही कुछ और होता आप फिर सत्ता पर काबिज हो सकती थी। सार यह निकलता है कि सत्ता के मद में केजरीवाल यह भूल गये की दोनो बार ही उन्हें सत्ता कांग्रेस का मोन समर्थन भी एक कारण रहा है। अनर्गल बयानों के कारण कांग्रेस से दूरी बना ली, जिसका परिणाम यह हुआ कि आप को सत्ता से बाहर होना पड़ा एक कारण यह भी रहा कि राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती।शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की.

# लोगों की उम्मीदों का केन्द्र बने रहते हैं राहुल

**शकील अख्तर**

राजनीति में संघर्ष करना पड़ता है। स्टालिन को कितना इंतजार करना पड़ा। जयललिता के रहते हुए उनके संघर्ष लगातार चलते रहे। सत्तर के होने से दो तीन साल पहले ही वे मुख्यमंत्री बन पाए। और अब विपक्ष की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। और तमिलनाडु के वे एकमात्र बड़े नेता हैं। पक्ष विपक्ष दोनों जगह।

शोले फिल्म का डायलाग राजनीति में बिल्कुल सही साबित हो रहा है। जो डर गया समझो वह मर गया! वहां भी मरने से मतलब मरना नहीं था। यहां भी नहीं है। कोई हैसियत न रह जाना। निपट जाना। या जैसे गांव कस्बों में कहा जाता है धरती पर बोझ समान! राहुल गांधी ने दिल्ली चुनाव में अरविन्द केजरीवाल पर जो सबसे बड़ा हमला किया था वह यही था कि विपक्ष के नेताओं में नरेंद्र मोदी से जो सबसे ज्यादा डरते है वह अरविंद केजरीवाल हैं।

राहुल खुद किसी से नहीं डरते। और इसलिए उनके इस विषय में कहने का असर होता है। राहुल का जो केन्द्रीय गुण या ताकत मानी जा सकती है वह उनका किसी भी परिस्थिति में नहीं डरना ही है। और इसलिए उनके खिलाफ इतना माहौल बनाया गया, इतने मुकदमे लादे गए, लोकसभा की सदस्यता छीनी गई, मकान लिया गया, एसपीजी हटाई गई, सड़क पर पुलिस से धक्का दिलवाकर गिरवा दिया गया।

क्या नहीं हुआ? मजाक उड़ाने के लिए पप्पू, बाबा नाम प्रचारित किए गए। खुद राहुल ने कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए गए। मगर चूंकि राहुल डरे नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के सामने हमेशा डट कर खड़े दिखे तो आज हर जगह एक ही बात कही जाती है कि मोदी का अगर कोई मुकाबला कर सकता है तो वह राहुल गांधी ही हैं। और यह बात खुद मोदी जी भी जानते हैं इसलिए वे हर जगह हर विषय पर राहुल और उनके परिवार पर आरोप लगाते रहते हैं। वह तो डायरेक्ट उन्हें महाकुंभ में लगे महा जाम का बचाव नहीं करना है नहीं तो वे इसके लिए भी नेहरू को दोषी करार देते।

अभी भगगड़ में हुई मौतों के बाद वे नेहरू के समय कुंभ में हुई भगदड़ की कहानी बता चुके हैं। अदालतों में तो यह नहीं चलता मगर जनता को बेवकूफ बनाने के लिए प्रतिक्रियावादी नेता हमेशा यह तर्क देते हैं कि क्या पहले नहीं हुआ था? मतलब अगर पहले हुआ था तो हमारे समय होना जायज है।

नरेंद्र मोदी के इन्हीं बिलो द बेल्ट ( नियमों सिद्धांतों के खिलाफ) हमलों और विन्डिक्टिव ( नफरत बदले के भावना से) राजनीति के कारण सिर्फ नेता ही नहीं संवैधानिक संस्थाएं तक डर गई हैं। राहुल ने



कहा था इसीलिए कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और संघ से नहीं है। हमें इंडियन स्टेट से भी लडना पड़ रहा है। राहुल की यह बात अब मोदी बार बार दोहराते हैं कि राहुल भारत से लड़ने की बात कर रहे हैं।

दरअसल राहुल ने कहा था कि सभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदी ने कब्जा कर लिया है। हमें उनसे भी लड़ना पड़ रहा है। इन्डियन स्टेट मतलब सरकार और उसकी ऐजेन्सियां। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स वगैरह। और संस्थाओं न्यायपालिका, चुनाव आयोग, मीडिया, संसद में पीठासीन अधिकारियों के पक्षपात पूर्ण रवैये से।

निश्चित ही रूप से यह लड़ाई बहुत कठिन है। और इसे लडना बहुत साहस का काम। राहुल ने यहां तक कहा कि जब तक मैं जिन्दा हूं किसी भी हिन्दुस्तानी पर आक्रमण होगा चाहे वह किसी भी धर्म का हो हिन्दु हो मुसलमान हो सिख हो ईसाई हो किसी भी जात का हो दलित हो पिछड़ा हो राहुल वहां उसकी रक्षा करता मिलेगा। और राहुल ने यह भी कहा कि यह आज की बात नहीं मेरी पूरी लाइफ की राजनीति देख लेना।

बिल्कुल सही। राहुल की पूरी राजनीति ऐसी ही है। बेखौफ। इसलिए जब वे अपने किसी समकालीन नेता के लिए कहते हैं कि वह डरता हो तो असर होता है। केजरीवाल, मोदी के डर से ही दलितों की बात नहीं कर पाए, पिछड़ों की नहीं कर पाए।राहुल की मांग आरक्षण के पचास प्रतिशत के केप को हटाने की बात तो बहुत बड़ी है कभी आरक्षण के समर्थन में नहीं बोला। जाति गणना के पक्ष में नहीं बोले। जहां उनके मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे वहां उनका प्रचार करने नहीं गए। वे केवल भाजपा की कार्बन कॉपी बने रहे। और जनता ने कार्बन कॉपी को ठुकरा दिया। मूल कॉपी के साथ चली गई।

डर खत्म करना बहुत जरूरी है। राजनीति में जनता खुद नेताओं से अभय दान चाहती है। अपने डर को दूर करने के लिए ही तो वह समूह में आती है। और फिर उसका नेतृत्व चाहती है। अगर नेता खुद ही डर जाएगा तो जनता उसके पीछे क्यों लगेगी? मायावती को जनता ने बिल्कुल छोड़ दिया। दिल्ली चुनाव में उसके 50 से ज्यादा उम्मीदवार हजार से भी कम वोट ला पाए। कभी कहा जाता था कि बसपा का टिकट किसी को भी मिले दस बीस हजार से तो उसकी गिनती शुरू होती है। लेकिन दिल्ली क्या खुद मायावती के राज्य उत्तर प्रदेश में लोकसभा में उनकी एक सीट नहीं। 2022 विधानसभा में 403 सीट में से उनकी केवल एक सीट आई थी। वह

भी मायावती की वजह से नहीं जीतने वाले उमाशंकर सिंह का अपना असर था। मायावती सबसे ज्यादा डर में हैं। परिणाम कांशीराम की वह पार्टी भुगत रही है जिसमें कभी नारा लगता था चढ़ गुंडन की छाती पर मोहर लगाना हाथी पर! बीच बाजार में बसपा का दलित चौड़ी छाती करके यह नारा लगाता था। मगर आज गोपनीय मतदान में भी वोट नहीं डाल रहा। दिल्ली में कुछ सीटों पर तो सौ के करीब वोट आए हैं।

दूसरी तरफ यूपी के एक दूसरे नेता को देखें! अखिलेश यादव डर से निकल गए। आज चाहे यूपी की योगी सरकार या केन्द्र की मोदी सरकार अखिलेश सबसे कड़े हमले कर रहे हैं। और इसी निर्भयता का परिणाम है कि चाहे 2024 की लोकसभा हो या 2022 की विधानसभा जनता उनके साथ खड़ी हुई। लोकसभा में 37 सीटें

यूपी में नंबर वन और विधानसभा 111 सीटें दीं।

अखिलेश के बारे में भी यह प्रचार किया गया कि उन्होंने समझौता कर लिया। डर गए। खासतौर से तब जब मुलायम सिंह यादव को पद्म विभुषण दिया गया। लेकिन अखिलेश इस बात को समझ गए कि मोदी के साथ जाकर उन्हें एक सुरक्षा के अहसास के अलावा और कुछ नहीं मिलेगा। और जाने में सपा की सारी राजनीति खतम हो जाएगी। उन्होंने सपा की राजनीति बचा ली। और खुद का कद आज इतना बड़ा कर लिया कि जब वे लोकसभा में बोलते हैं तो पक्ष विपक्ष सब उन्हें ध्यानपूर्वक सुनते हैं।राजनीति में निर्भयता में ही वह चीज है जिसने लालू यादव को इतने मुकदमे जेल के बाद आज भी प्रासंगिक बनाए रखा। इसी साल बिहार में चुनाव हैं। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी उनकी पार्टी राजद की और तेजस्वी की है।राजनीति में संघर्ष करना पड़ता है। स्टालिन को कितना इंतजार करना पड़ा। जयललिता के रहते हुए उनके संघर्ष लगातार चलते रहे।

# केजरीवाल का चुनाव हारना एक बड़ी परिघटना

**अजीत द्विवेदी**


दिल्ली के चुनाव नतीजों की अलग अलग नजरिए से व्याख्या हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आम आदमी पार्टी और खुद अरविंद केजरीवाल का चुनाव हार जाना एक बड़ी परिघटना है। आंदोलन से निकली एक पार्टी ने एक दशक के समय में जो मुकाम हासिल किया था वहां से उसका नीचे गिरना कई बातों का संकेत है। आमतौर पर यह माना जा रहा है कि आंदोलन से निकली पार्टी अपने मूल्यों को भूल गई और किसी दूसरी पारंपरिक पार्टी की तरह राजनीति करने लगी इसलिए उसकी हार हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि एक विचारधारा विहीन पार्टी का यह हस्र होना तय था।

यह भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी चुनावी सफलता के पीछे भागती रही और उसने संगठन व काडर बनाने पर ध्यान नहीं दिया इसलिए उसकी हार हुई है। ये सारी बातें सही हैं और आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल की हार में इन सब कारणों का योगदान है। परंतु अब हार के कारणों से आगे देखने की जरुरत है। आगे क्या? क्या धूमकेतु की तरह उभरे अरविंद केजरीवाल अब समाप्त हो जाएंगे और उनकी तरह दूसरी प्रादेशिक पार्टियों के अस्तित्व पर भी ग्रहण लगेगा और इससे भाजपा व कांग्रेस के रूप में दो ध्रुवीय राजनीति की बुनियाद बनेगी? हो सकता है ऐसा हो लेकिन उसके साथ ही एक और बदलाव की संभावना दिख रही



है और वह ये है कि दिल्ली के नतीजे से रेवड़ी की राजनीति के अंत की शुरुआत हो गई है।हालांकि पहली नजर में ऐसा दिख नहीं रहा है, बल्कि इसका उलटा दिख रहा है। 'रेवड़ी राजनीति के अंत की शुरुआत' के निष्कर्ष को यह कह कर खारिज किया जा सकता है कि असल में दिल्ली में भाजपा की जीत रेवड़ी राजनीति की ही जीत है। क्योंकि भाजपा ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार की रेवड़ियों को जारी रखने का वादा किया, बल्कि उसके ऊपर भी बहुत कुछ देने की घोषणा की है। इसके बावजूद दिल्ली के चुनाव नतीजे में रेवड़ी राजनीति के खत्म होने के बीज छिपे हैं। हो सकता है कि इस बीज के अंकुरित होने में थोड़ा समय लगे लेकिन देर सबेर ऐसा होगा जरूर। ऐसा मानने का कारण यह है कि दिल्ली के लोगों को अगर सिर्फ मुफ्त की चीजों और सेवाओं की घोषणा से प्रभावित होकर वोट करना होता तो उनके सामने भाजपा से बेहतर विकल्प आम आदमी पार्टी का था। आम आदमी पार्टी का मुफ्त की रेवड़ी बांटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। इसके बावजूद लोगों ने उसको छोड़ कर भाजपा को वोट दिया तो उसके पीछे रेवड़ी राजनीति के अलावा भी कुछ चीजें हैं।

लोगों ने रेवड़ी बंटने की निरंतरता कायम रहते हुए कुछ और काम होने की उम्मीद में भाजपा को वोट दिया है। उनकी वह उम्मीद आप और अरविंद केजरीवाल की सरकार से पूरी नहीं हुई थी। यह उम्मीद 2015 में पूर्ण बहुमत की केजरीवाल की सरकार बनने के साथ ही टूटने लगी थी लेकिन लोगों ने 2020 में उस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने 2020 में मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट कर दिया। यहां तक कि 2022 में पंजाब में भी इसी उम्मीद में आप को छप्पर फाड़ वोट मिले और उसकी सरकार बनी। परंतु 2025 आते आते पानी सिर के ऊपर से बहने लगा तब लोगों ने रेवड़ी की राजनीति को खारिज किया।उन्होंने सिर्फ इस उम्मीद में भाजपा को वोट नहीं दिया है कि वह बहुत सारी चीजें और सेवाएं मुफ्त में देगी, बल्कि इस उम्मीद में दिया है कि भाजपा की सरकार दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए काम करेगी। यमुना की सफाई करेगी।




मेष राशि: आज आपका भाग्य पूरे दिन आपके साथ रहने वाला है। आज सभी कार्य समय से पूरे हो जाएंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन बनी रहेगी, लेकिन किसी के साथ बातें शेयर करने से सब ठीक हो जाएगा। आज आप अपने बिजनेस के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको किसी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अविवाहित लोगों को आज शादी के प्रस्ताव आएंगे।

वृष राशि: आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। साथ ही घर पर कोई धार्मिक कार्यक्रम करने का मन बनाएंगे। आज लोगों को प्रसन्न करने के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। घर परिवार में खुशियों का आगमन होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज फ़ोन पर किसी रिश्तेदार से अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज आपके कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे। पेंटिंग करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी कला की तारीफ होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आयेगा। आज बच्चों के जरूरत का सामान खरीदेंगे, जिससे बच्चे आपसे खुश होंगे।

कर्क राशि: आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सोशल मीडिया पर आज आपके नए-नए दोस्त बनेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों को खरीदने का प्लान बनाएंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के लिए आज आप किसी बड़े ग्रुप से डील करने में कामयाब होंगे। अगर आप नई जमीन खरीदना चाहते है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। दोस्तों के साथ घर पर पार्टी मनाएंगे, ।

सिंह राशि: आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज आपके व्यवहार को लेकर पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

कन्या राशि: आज आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए परिवार वालों से राय ले सकते है। घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। लवमेट के साथ कही घूमने जाएंगे, रिश्ते में और मिठास आयेगा। आज आपके व्यापार में दो-गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं।

तुला राशि: आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। आज किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या का समाधान निकलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की वजह से आज आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके साथ काम करने का प्रपोजल आयेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, थोड़ी और मेहनत करने से सफलता जल्द ही कदम चूमेगी। आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। नौकरी में आज प्रमोशन होने से आप प्रसन्न होंगे।

धनु राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। सामाजिक कार्यों को लेकर आपके आस-पास के लोग आपकी तारीफ करेंगे। लवमेट के साथ आज समय बिताने का प्लान बनाएंगे, यह प्लान आपके रिश्ते को और मजबूत करने में सहायक रहेगा।

मकर राशि: आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नौकरी में बदलाव करने का मन बनाएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए जॉब के अच्छे अवसर सामने आएंगे। आप अपने रूटीन में सकारात्मक बदलाव करेंगे तो निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षित बनाएगा। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं। लोगों को दिए पैसे आज आपको वापस मिलेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। आज लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। कम्पयूटर कोर्स ज्वाइन का मन बनाएंगे।

मीन राशि: आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज नए दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में पूरी जानकारी कर लें, तभी दोस्ती का हाथ बढ़ाए। इस राशि के अविवाहित लोगों के विवाह की बात होगी। आज कोई घरेलू उपयोग कासामान खरीदने मार्केट जाएंगे। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। आज संतान के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# सुबह उठते ही जब दिल्ली में डोलने लगी धरती!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। कई सेकंड तक धरती डोलती रही। लोग दशहत में अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया, जिससे लोगों की नींद उड़ गई।

लोगों में दहशत फैल गई और वे एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर के साथ पड़ोसी राज्यों में भी महसूस किए गए। फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आता है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं।

उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे।उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक ?का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे।भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का




भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है।भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है।पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं। पिछले साल यानि सन 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण पश्चिम में सुबह 5:58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा आदि जिलों में रहा था।इससे पूर्व 24 जुलाई सन 2021को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी से भी भूकंप के झटके महसूस किये गए थे।

हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नही हुई थी।लेकिन यह भूकंप भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था।उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है। यहां एक साल में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए जाते हैं। 25 अगस्त सन 2020 को भी उत्तरकाशी में भूकंप आया था। उस समय भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल था। रिक्टर पैमाने पर उसकी तीव्रता 3.4 मापी गई थी। इससे पहले को चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में 21 अप्रैल सन 2020 को भूकंप के झटके महसूस हुए थे। जिसका केंद्र चमोली जिले में था, रिक्टर पैमाने पर उस भूकंप की तीव्रता 3.3 थी। भूकंप के इन झटको ने लोगो के मन में बेचैनी बढ़ा दी है।देवभूमि उत्तराखंड से लेकर गुजरात तक भूकंप का खतरा लगातार बना हुआ है।

14 जून सन 2020 की शाम गुजरात के भचाऊ,राजकोट, अहमदाबाद में 5.5 तीव्रता के भूकंप ने सबकी नींद उड़ा दी थी।सन 2015 में नेपाल केन्द्रित भंयकर भूकम्प के कारण नेपाल और उत्तर भारत में ढाई हजार से अधिक मौते भूकंप से हो गई थी और अरबो रूपये की सम्पत्ति नष्ट हो गई थी।सबसे अधिक क्षति नेपाल और नेपाल से सटे बिहार में हुई थी। उस समय सात दशमलव नौ रियेक्टर पैमाने के अधिक तीव्रता के भूकम्प से जो कि हिरोशिमा बम विस्फोट से पांच सौ चार गुना ताकतवर था,से उत्तराखण्ड में भी दहशत फैल गई थी।हिरोशिमा बम विस्फोट से साढे बारह किलोटन आफ टीएनटी एनर्जी रिलीज हुई थी जबकि इस भंयकर भूकम्प से उनास्सी लाख टन आफ टीएनटी एनर्जी रिलीज हुई है जिससे नेपाल और विहार,उत्तर प्रदेश के साथ साथ कई राज्यों में भारी नुकसान हुआ था। उत्तराखण्ड में भी उस समय कई जगह भूकम्प के झटके महसूस किये गए थे। लेकिन उत्तराखंड में भूकम्प से अधिक नुकसान नही

हुआ था,लेकिन इससे पूर्व उत्तराखंड भूकंप की भयंकर त्रासदी झेल चुका है।उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, द्वारहाट, चमोली जिले भूकंप के निशाने पर है। दरअसल उत्तराखण्ड भूकम्प के मुहाने पर खड़ा है, यहां कभी भी भूकंप से धरती डोल सकती है।जिससे उत्तराखण्ड कभी भी तबाह हो सकता है। अपनी भोगोलिक परिस्थिति के कारण बादल फटने,जल प्रलय,भूस्खलन के कारण हजारो मौतो के साथ ही मकानों तथा खेत खलियानों के नष्ट होने का कारण बनता रहा है। भू वैज्ञानिको की माने तो उत्तराखण्ड कभी भी भूकम्प आपदा से प्रभावित हो सकता है। भूकम्प की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील उत्तराखण्ड सच पुछिए तो मौत के मुहाने पर खडा है। उत्तरकाशी में आए भूकम्प और धारचूला व लोहाधाट जैसी जगहों पर कई बार आ चुके भूकम्प की त्रासदी झेल चुके उत्तराखण्ड न सिर्फ अपने लिए बल्कि पडोसी राज्यों के लिए भी तबाही का सबब बन सकता है। भूकम्प का सबसे बडा खतरा टिहरी बांध से है ,अगर कभी इतनी तीव्रता का भूकम्प आया जो टिहरी बांध के लिए खतरा बन गया तो न उत्तराखण्ड बचेगा और न ही उ0प्र0 और दिल्ली बच पाएगी।

# वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार पर क्रिमिनल एक्शन नहीं लिया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले के तहत कहा है कि वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार को 'इरादतन अपमान' मानकर उसपर आपराधिक एक्शन नहीं लिया जा सकता है। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने के नतीजे बुरे साबित हो सकते हैं इससे कार्यस्थल पर आवश्यक अनुशासनात्मक माहौल बिगड़ सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि महज गाली-गलौज, अशिष्टता, बेरुखी या बदतमीजी आइपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान नहीं मानी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान



न्यायमूर्ति संजय कड़ोल और संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल गुस्से में कही गई बातें, रूखा व्यवहार या असभ्य भाषा आईपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान की श्रेणी में नहीं आते। गौरतलब है कि धारा 504 के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी का जानबूझकर अपमान करता है, जिससे शांति भंग होने की संभावना हो, तो उसे दो साल तक की सजा हो सकती है। जुलाई 2024 से यह धारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 से बदल दी गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला एक 2022 के आपराधिक मामले को रद्द करते हुए दिया।

## मुंबई में 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म, 2 नाबालिगों पर आरोप

मुंबई (आरएनएस)। कुर्ला इलाके में 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो नाबालिगों को हिरासत में ले बाल सुधार गृह भेज दिया गया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मुंबई पुलिस ने कहा, चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन में दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो 5 साल की बच्ची के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपी हैं। मामले की जांच चल रही है।

पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में लेकर डोंगरी के बालसुधार गृह भेज दिया। मामला भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 65(2) और पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पीड़िता की मां ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी लड़कों ने बच्ची को कुर्ला इलाके में एक धार्मिक स्थल पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब बच्ची ने असहनीय दर्द के कारण अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद उसकी मां ने तुरंत उसे प्राथमिक उपचार दिया और पुलिस में इस बात की शिकायत दर्ज कराई।घटना के बाद, पीड़िता को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मुंबई के एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसे भर्ती किया गया। चूनाभट्टी पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और संबंधित साक्ष्य एकत्र करने में लगी है।मुंबई पुलिस ने बताया कि जैसे ही मामले की जानकारी मिली, वैसे ही एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर रवाना किया गया और तुरंत आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। घटना की सघन जांच की जा रही है। जल्दी ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## कैथल में स्कूली छात्रों से भरी बस नहर में गिरी, आठ बच्चों समेत 10 लोग गंभीर रूप से घायल

कैथल (आरएनएस)। हरियाणा के कैथल जिले में स्थित नौच गांव में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। स्कूली बच्चों को ले जा रही एक बस सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर में गिर गई।

इस हादसे में बस में सवार आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, बस चालक और महिला कंडक्टर भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं।हादसे की सूचना मिलते ही क्योड़क चौकी पुलिस, डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों और बस स्टाफ को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। पेहवा की गुरु नानक एकेडमी की बस स्कूली बच्चों को लेकर गांव के डेरों से आ रही रही थी। सतलुज यमुना लिंक नहर की पटरी से गुजरते समय बस में कोई टेक्निकल खराबी आ गई, जिस कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नहर में जा गिरी।बस में कुल आठ बच्चे सवार थे। हादसे में सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बस चालक और महिला कंडक्टर की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। हादसे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## मनीष शर्मा ने राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली

जोधपुर (आरएनएस)। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव ने सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट में मनीष शर्मा को न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। मनीष शर्मा अधिवक्ता कोटे से राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश बने हैं। उनको जोधपुर में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।शपथ ग्रहण समारोह में जोधपुर मुख्य पीठ के सभी न्यायाधीश व जयपुर की पीठ के न्यायाधीश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मनीष शर्मा के न्यायाधीश की शपथ के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।

जानकारी के अनुसार, साल 2025 में ही तीन जज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस बीरेंद्र कुमार मई में, जस्टिस नरेंद्र ढड्डा सितंबर में और जस्टिस मनोज कुमार गर्ग नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में जजों की संख्या घटकर 31 हो जाएगी। हालांकि, संभावना है कि इसी साल अधिवक्ता कोटे से कुछ नए जज मिल सकते हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को वारंट जारी कर अधिवक्ता कोटे से मनीष शर्मा को हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने भी उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया था।

गौरतलब है कि जनवरी 2025 में राजस्थान हाईकोर्ट को न्यायिक कोटे से तीन न्यायाधीश क्रमशः जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा, जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली मिले थे। यह तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य कोकराझार में बजट सत्र के पहले दिन बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) विधानसभा में असम के मंत्रियों और राज्य विधायकों के साथ एक समूह फोटो में।

## चीन दुश्मन नहीं, भारत को बदलना होगा नजरिया : सैम पित्रोदा



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है।

उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है। उनका मानना है कि सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होनी चाहिए।

सैम पित्रोदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें 'कमांड और कंट्रोल' की मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

उन्होंने कहा, चीन चारों ओर है... चीन बढ़ रहा है... हमें इसे पहचानना और समझना होगा। हर देश आगे बढ़ रहा है, कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा, और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, लापरवाही का परिणाम : लालू यादव



पटना (आरएनएस)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया लालू प्रसाद यादव ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

लालू यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह घटना दुखद है और रेलवे की लापरवाही के कारण ही इस प्रकार का हादसा हुआ है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देना चाहिए। लालू यादव ने आगे कहा कि यह बहुत बड़ा हादसा है और सरकार की लापरवाही का परिणाम है। इससे पहले कुंभ मेले में भी भगदड़ मच चुकी है, जिससे साफ होता है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है और वह दोषी है।

राजद सुप्रीमो ने कहा कि ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।

इस हादसे पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था एवं भगदड़ के कारण हुई असामयिक मौतों से मन व्यथित है। इतने सरकारी संसाधनों के बावजूद भगदड़ में श्रद्धालुओं की जानें जा रही हैं तथा डबल इंजन सरकार इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की लीपापोती कर पब्लिक रिलेशन (पीआर) करने में व्यस्त है। आमजनों और श्रद्धालुओं की बजाय सरकार का ध्यान मीडिया प्रबंधन, वीआईपी लोगों की सुविधा और उनकी व्यवस्था तक ही सीमित है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।

बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 13 और 14 पर शनिवार देर रात उस समय भगदड़ मच गई जब कथित तौर पर यात्रियों के बीच प्रयागराज जा रही दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैल गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत की पुष्टि हुई, हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद रेलवे ने विशेष ट्रेनों की व्यवस्था कर प्लेटफॉर्म पर भीड़ का दबाव कम किया। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

इस बीच रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

## फालतू का है महाकुंभ, इसका कोई मतलब नहीं... आरजेडी प्रमुख लालू यादव का विवादित बयान

पटना , (आरएनएस)। पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फालतू का है कुंभ, इसका कोई मतलब नहीं है। वहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर उन्होंने कहा कि दुखद घटना घटी है। हम मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, रेलवे की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। यह रेलवे का फेल्योर है। रेल मंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों का इलाज दिल्ली के लेडी हार्डिंग और LNJP अस्पताल में चल रहा है। शनिवार रात को यह हादसा प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 16 पर हुआ। मरने वालों में ज्यादार महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। रेल मंत्री ने भगदड़ की हाई लेवल जांच के आदेश दिए हैं। इस भगदड़ में मरने वालों में ज्यादातर लोग बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं। बिहार के 9, दिल्ली के 8 और हरियाणा के 1 व्यक्ति की मौत हुई है। फिलहाल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति कंट्रोल में है। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

## 19 फरवरी को होगी भाजपा विधायक दल की बैठक, शपथ ग्रहण 20 को

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को होने वाली विधायक दल की बैठक दो दिन के लिए टाल दी है। अब यह बैठक 19 फरवरी को होगी और अगले दिन 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। पहले सोमवार 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे विधायक दल की बैठक होने की खबर आई थी, जिसमें दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगनी थी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अब बैठक 19 फरवरी को होगी।

पहले खबर थी कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 19 फरवरी को हो सकता है, लेकिन अब यह कार्यक्रम भी एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि 20 फरवरी को शपथ ग्रहण कार्यक्रम की जिम्मेदारी भाजपा के दो राष्ट्रीय महासचिव देखेंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुग को शपथ ग्रहण कार्यक्रम सह रैली का इंचार्ज बनाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सभी 48 नवनिर्वाचित भाजपा विधायक केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल के नेता का चयन करेंगे, जो दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेगा।

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा जल्द ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के चेहरे का ऐलान करेंगे। फिलहाल सीएम की रेस में नई दिल्ली सीट से विधायक प्रवेश वर्मा, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता और सतीश उपाध्याय के नाम सबसे आगे बताए जा रहेहैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है।

# जयपुर में सब्जियों के दाम में भारी गिरावट, किसानों को हो रहा बड़ा नुकसान



जयपुर ,(आरएनएस)। जयपुर की मुहाना मंडी में इन दिनों सब्जियों के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट से किसानों को न केवल अपनी लागत निकालने में कठिनाई हो रही है, बल्कि व्यापारी भी इससे प्रभावित हैं। खासकर टमाटर, गोभी और मटर जैसी सब्जियों के दामों में 10 गुना तक की कमी आई है, जो कि किसानों और व्यापारियों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है।

नवंबर 2024 में, देसी टमाटर की थोक कीमत करीब 65 रुपए प्रति किलो थी और बाजार में यह 80 से 100 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा था। लेकिन अब वही टमाटर थोक में केवल 3 से 6 रुपए किलो बिक रहा है, जबकि बाजार में इसकी कीमत 10 से 15 रुपए किलो के बीच है। इसका परिणाम यह हुआ है कि किसानों को अपना माल बेचने में कोई खरीदार नहीं मिल रहा और उन्हें अपनी सब्जियां फेंकने तक की स्थिति आ रही है।

मुहाना मंडी के व्यापारियों का कहना है कि नवंबर महीने से 14 दिसंबर तक मलमास की शुरुआत हुई थी, जिसके बाद उम्मीद थी कि सावे आएंगे और सब्जियों की कीमतों में सुधार होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, बल्कि सब्जियों की आपूर्ति इतनी बढ़ गई कि मांग के मुकाबले कीमतें और गिरने लगीं। अब मंडी में इतनी ज्यादा सब्जियां आ रही हैं कि उन्हें उचित दाम पर बेचना मुश्किल हो रहा है और कई बार उन्हें फेंकना पड़ रहा है।

**लहसुन और अन्य सब्जियों की स्थिति**

सिर्फ टमाटर ही नहीं, अन्य सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट आई है। लहसुन, जो पहले 300 से 400 रुपए किलो बिकता था, अब 120 से 130 रुपए किलो के बीच बिक रहा है। इसके अलावा, प्याज और आलू की कीमतें भी गिर गई हैं। इस गिरावट के कारण किसान भारी नुकसान उठा रहे हैं, और उन्हें अपनी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा।

**सब्जियां गौशालाओं को भेजी जा रही हैं**

मुहाना के एक व्यापारी महेश कुमार ने बताया कि पिछले 40 सालों में उन्होंने मंडी में इतना मंदी का दौर नहीं देखा। वे कहते हैं, हमारी कोशिश होती है कि कम से कम किसानों को उनका किराया मिल सके, लेकिन अब स्थिति ऐसी हो गई है कि सब्जियां प्लेटफॉर्म पर पड़ी रहती हैं, कोई खरीदार नहीं है। ऐसे में इन्हें खराब होने से बचाने के लिए गौशालाओं को भेजना पड़ रहा है।

**मंदी का सामना कर रहे अन्य किसान**

गुजरात के पालमपुर से आए एक किसान खालिद ने बताया कि वे पिछले तीन महीने से मंदी का सामना कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे लौकी और कद्दू लेकर आए थे, लेकिन उन्हें लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा।

## मौसम फिर लेगा करवट, पंजाब-हरियाणा समेत इन राज्यों में बरसेंगे बादल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड का प्रभाव काफी कम हो गया है। दिन में धूप महसूस की जा रही है। हालांकि पहाड़ी राज्यों में अब भी बारिश और बर्फबारी जारी है। जबकि जम्मू-कश्मीर में चिल्लई ठंड का दौर 19 फरवरी को खत्म होगा जिससे ठंड थोड़ी कम होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का दौर जारी है।

मौसम विभाग ने नया अपडेट जारी किया है। दिल्ली के मौसम की अगर बात करें तो दिल्ली में आसमान में आंशिक बादल छाए रहे और सुबह के समय स्मॉग या हल्का कोहरा दर्ज किया गया। साथ ही अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 19 और 20 फरवरी को दिल्ली में बारिश होने की संभावना जताई गई है। 17 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और लद्दाख में हल्की बारिश हो सकती है। 18 से 20 फरवरी के बीच राजस्थान, दिल्ली, पंजाब हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## काशी में भक्तों का सैलाब लंबा इंतजार, दर्शन के लिए 5 किमी लंबी लाइन



वाराणसी,(ए.)। काशी और अयोध्या में वीकेंड पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ा है। वाराणसी में करीब 20 लाख लोग पहुंचे, जिससे मंदिर और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग की है, वहीं गंगा आरती को 26 फरवरी तक रोक दिया गया है। इसके अलावा, शाम 6 बजे के बाद गंगा में नाव संचालन पर भी रोक लगा दी गई है।रविवार तड़के 2:45 बजे बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के बाहर 5 किलोमीटर तक लंबी कतारें लगी रहीं, और भक्तों को दर्शन करने में 5-6 घंटे का समय लगा है। भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन पर भी हालात खराब रहे हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्री स्टेशन पर ही फंसे हुए हैं। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि वो 24 घंटे से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ट्रेन उनके गंतव्य को जाने वाली नहीं आई।अयोध्या में भी 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं।

हनुमान गढ़ी में इतनी भीड़ है कि पैर रखने की जगह तक नहीं बची। रामलला के दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। पुलिस द्वारा गाड़ियों को सीमा पर ही रोक दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

काशी और अयोध्या में भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है। इसके साथ ही किसी अनहोनी से बचने प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी सुरक्षित और सुगमता से दर्शन कर सकें।

# एथनिक लुक में नेहा शर्मा ने इंटरनेट पारा किया गर्म, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख मंत्रमुग्ध हुए फैंस



बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना नेहा शर्मा अपनी फिल्मों से ज्यादा हॉटनेस और बोल्डनेस को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस नेहा शर्मा अपनी फिल्मों से ज्यादा बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और फिगर के चलते लोगों के बीच मशहूर रही हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि नेहा शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

मिनिमल मेकअप, गले में नेकलेस, कानो में इयररिंग्स और खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर कर के एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका यह अंदाज फैंस को भी काफी पसंद आ रहा है।

नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच बवाल मचाने लगता है।

# राम भवन में ईशा मिश्रा का किरदार निभाने पर खुशबू राजेंद्र : चुनौतियों का सामना करना जारी रखूंगी


*अभिनेत्री खुशबू राजेंद्र को राहुल कुमार तिवारी और रोलिंग टेल्स प्रोडक्शन के नए शो राम भवन में मुख्य भूमिका ईशा मिश्रा के रूप में लिया गया है। यह नाटक सामाजिक मुद्दों पर गहराई से चर्चा करता है, जो महाकाव्य पौराणिक कथा रामायण से समानताएं दर्शाता है।*



हाल ही में एक बातचीत के दौरान खुशबू राजेंद्र ने ईशा मिश्रा की भूमिका की तैयारी के दौरान अपनी चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने खुलासा किया, मुझे कार चलाना नहीं आता था, और मैंने बीच में ही सीख लिया। यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब तक सब ठीक है। उम्मीद है कि मैं आगे भी सीखती रहूंगी, और चुनौतियों का सामना करूंगी और टीम के साथ मिलकर उनसे पार पाऊंगी।

राम भवन से जुड़कर बेहद उत्साहित, उन्होंने कहा, मैं इस प्रोडक्शन हाउस से जुड़कर बेहद रोमांचित हूं, खासकर राहुल सर। पूरी टीम गर्मजोशी से स्वागत करती है और कहानी कहने में बहुत सावधानी बरतती है। वे शूटिंग शुरू होने से पहले ही बारीक विवरणों, खासकर किरदारों के बीच की गतिशीलता पर ध्यान केंद्रित करते हैं। खुशबू राजेंद्र ने यह भी दावा किया कि राम भवन सिर्फ़ एक पारिवारिक ड्रामा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शो आज के समाज से जुड़े विषयों को दर्शाता है, जिसमें घरों के भीतर सत्ता का संतुलन और आधुनिक रिश्तों की चुनौतियाँ शामिल हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, कहानी आज की दुनिया से गहराई से जुड़ी हुई है। यह वही पुराना ड्रामा नहीं है जो सदियों से दोहराया जाता रहा है। इसके बजाय, यह जटिल, विस्तृत और अच्छी कहानी कहने पर आधारित है। यह शो पौराणिक कथाओं और समकालीन मुद्दों का एक बेहतरीन मिश्रण है। इस बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, रामायण और रामभवन की वर्तमान वास्तविकता के बीच समानताएं इस कहानी को इतना खास बनाती हैं। मेरा किरदार, ईशा, इस घर में रोशनी लाता है और एक आधुनिक सीता का रूप धारण करता है। दर्शकों पर शो के प्रभाव के बारे में अपनी आशा व्यक्त करते हुए खुशबू राजेंद्र ने कहा, मैं रामभवन की दुनिया में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इसमें जुड़ने के लिए बहुत कुछ है, और मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती कि दर्शक कहानी से कैसे जुड़ते हैं।

# छावा ने दूसरे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई, 2 ही दिन में सिनेमाघरों में मचाई धूम




14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली छावा वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली बिगेस्ट ओपनर बनकर उभरी. फिल्म ने पहले ही दिन 33.10 करोड़ का बिजनेस कर गली बॉय का रिकॉर्ड तोड़ दिया. जबरदस्त ओपनिंग करने के बाद विक्की की फिल्म ने दूसरे दिन भी शानदार कमाई की है, जानें फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन.विक्की कौशल की छावा ने पहले दिन 33.1 करोड़ रूपये कमाए. वहीं दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने कमाई में बढ़त दर्ज करते हुए 36.5 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके साथ ही फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन 69.6 करोड़ हो गया है. फिल्म ने सिनेमाघरों में ओवरऑल 50.39% ऑक्यूपेंसी दर्ज की. सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी नाइट शोज में दर्ज की गई. छावा, कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड, लवयापा और बैडएस रविकुमार का सामना कर रही है. वहीं सनम तेरी कसम की री रिलीज से भी फिल्म का क्लैश है. इसके बावजूद फिल्म ने दो दिनों में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है. अगर तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 30 करोड़ से ऊपर से रहा तो फिल्म का वीकेंड कलेक्शन 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी.विक्की कौशल की फिल्म 33.1 करोड़ के कलेक्शन के साथ वैलेंटाइन वीक की बिगेस्ट ओपनर बन गई है. इससे पहले यह रिकॉर्ड रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की गली बॉय के नाम था. गली बॉय 2019 में रिलीज हुई थी और इसने 19.40 करोड़ की ओपनिंग की थी.

छावा ने साल 2025 की सबसे बड़ी ओपनर बनी है इसने अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की गणतंत्र दिवस पर रिलीज हुई स्काई फोर्स को पीछे छोड़ा है. स्काई फोर्स ने पहले दिन 15.30 करोड़ की कमाई के साथ ओपनिंग की थी.

यह फिल्म विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी ओपनर साबित हुई है इसने उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक की कमाई को पछाड़ते हुए ये कारनामा किया है जिसने 8.20 करोड़ की कमाई की थी.छावा ने कई हिस्टोरिकल पीरियड फिल्मों के ओपनिंग कलेक्शन को भी धूल चटाई है. फिल्म ने पद्मावत (24 करोड़), बाजीराव मस्तानी (12.80 करोड़), केसरी (21.06 करोड़) और तान्हाजी ( 15.10) करोड़ को पीछे छोड़ दिया है.विक्की कौशल ने अपनी फिल्म बैड न्यूज के नेट लाइफ टाइम को कलेक्शन को 2 दिनों में पछाड़ दिया है. बैड न्यूज 64.51 करोड़ का घरेलू कलेक्शन किया था.छावा छत्रपति संभाजी महाराज की कहानी है जिन्होंने क्रूर मुगल शासक औरंगजेब से मराठा साम्राज्य की रक्षा की और अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए. फिल्म में विक्की कौशल ने लीड रोल प्ले किया है.

## बढ़ी हुई दाढ़ी, इंटेंस लुक में दिल टूटे आशिक बने कार्तिक आर्यन, फिल्म आशिकी 3 का फर्स्ट लुक रिवील

आशिकी और आशिकी 2 की अपार सफलता के बाद दर्शक इस म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म की तीसरी कड़ी आशिकी 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. वहीं पिछले कुछ दिनों से चर्चा थी कि आशिकी 3 के लिए कार्तिक आर्यन को चुना गया है. अब लगता है कि मेकर्स ने इंतजार खत्म कर दिया है लेकिन छोटे से सस्पेंस के साथ. टी सीरीज के भूषण कुमार ने कार्तिक आर्यन स्टारर म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है लेकिन आशिकी 3 कहीं भी मेंशन नहीं किया. लेकिन टीजर देखकर लोग कह रहे हैं कि यही आशिकी 3 है.कार्तिक आर्यन ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्स्ट लुक शेयर किया, जिसमे कार्तिक काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं. वे गिटार लेकर मंच पर आते हैं और गाना शुरू करते हैं. कार्तिक आर्यन की अपकमिंग म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म का फर्स्ट लुक और रिलीज डेट सामने आ गई है. तू मेरी आशिकी है, गाते हुए कार्तिक एकदम दिल टूटे आशिक की तरह लग रहे हैं. टीजर रिलीज करते हुए कार्तिक ने लिखा, इस दिवाली. उन्होने अनुराग बासु, भूषण कुमार, प्रीतम को टैग भी किया है.

## सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है डाकू महाराज, 21 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर




साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें नंदमुरी बालाकृष्ण का नाम जरूर शामिल होता है। बीते समय में उन्होंने अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म डाकू महाराज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है।

इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करके दिखाया और अब इसकी ओटीटी रिलीज का एलान भी मेकर्स की तरफ से कर दिया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि डाकू महाराज को कब और कहां किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन रिलीज किया जाएगा।

लंबे समय से फैंस डाकू महाराज की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। नंदुमरी बालाकृष्ण, उर्वशी रौतेला और बॉबी देओल स्टारर इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, जिसके चलते कमाई के मामले में भी ये मूवी अव्वल रही। अब निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज को लेकर लेटेस्ट जानकारी साझा की है।

दरअसल फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की तरफ से डाकू महाराज की ओटीटी रिलीज की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई है। आने वाली 21 फरवरी को इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर ऑलनाइन रिलीज किया जाएगा।

# एक्सरसाइज की आवृत्ति से जुड़े 4 आम मिथक, जिनकी सच्चाई जानना है बेहद जरूरी

एक्सरसाइज सभी के जीवन का अहम हिस्सा है, लेकिन इसके बारे में कई मिथक भी प्रचलित हैं। इन मिथकों के कारण लोग अक्सर भ्रमित हो जाते हैं और सही दिशा में कदम नहीं उठा पाते। इस लेख में हम एक्सरसाइज से जुड़े कुछ आम मिथकों को समझेंगे और उनकी सच्चाई जानेंगे।

यह जानकारी सभी के लिए उपयोगी होगी, चाहे आप पुरुष हों या महिला, क्योंकि सही जानकारी ही आपको स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

### रोजाना एक्सरसाइज करना होता है जरूरी

बहुत से लोग मानते हैं कि रोजाना एक्सरसाइज करना जरूरी होता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। शरीर को आराम की भी जरूरत होती है, ताकि मांसपेशियां ठीक से विकसित हो सकें और थकान दूर हो सके।

अगर आप इसे नियमित रूप से करते हैं और अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार करते हैं तो हफ्ते में 3 से 4 दिन की एक्सरसाइज भी पर्याप्त होती है। इससे शरीर को आराम करने का समय मिलता है।

### जितना ज्यादा पसीना, उतनी अच्छी कसरत


लोगों का मानना है कि जितना ज्यादा पसीना निकलता है, कसरत उतनी ही अच्छी होती है। हालांकि, यह धारणा गलतफहमी पैदा करती है। पसीना आना केवल शरीर के तापमान को नियंत्रित करने का तरीका है, न कि आपकी मेहनत का मापदंड। हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना अलग होती है, इसलिए कुछ लोगों को कम पसीना आता है, जबकि कुछ को ज्यादा। कसरत की गुणवत्ता आपके प्रयास और तकनीक पर निर्भर करती है, न कि पसीने पर।

### वजन घटाने के लिए घंटों करनी चाहिए एक्सरसाइज

लोग अक्सर सोचते हैं कि वजन घटाने के लिए घंटों तक जिम में रहना पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं होता।

30 मिनट का वर्कआउट भी बेहद प्रभावी हो सकता है, अगर आप इसे नियमित रूप से कर रहे हों और साथ ही संतुलित डाइट ले रहे हों।

लंबे समय तक कसरत करने के बजाय छोटे-छोटे अंतरालों में उच्च तीव्रता वाले वर्कआउट अधिक फायदेमंद होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये चयापचय को बढ़ाते हैं और कैलोरी जलाने में मदद करते हैं।



### केवल कार्डियो एक्सरसाइज करना होता है पर्याप्त

दौड़ लगाना या साइकिल चलाने जैसी कार्डियो एक्सरसाइज वजन घटाने के लिए अच्छी मानी जाती हैं। हालांकि, केवल इनपर निर्भर रहना सही नहीं होता है।

वेट लिफ्टिंग या बॉडीवेट जैसी ताकत बढ़ाने वाली एक्सरसाइज भी बहुत जरूरी होते हैं, क्योंकि ये मांसपेशियों को मजबूत बनाती हैं और चर्बी जलाने में मदद करती हैं।

एक संतुलित फिटनेस रूटीन में कार्डियो के साथ-साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी शामिल होनी चाहिए, ताकि आपका शरीर पूरी तरह फिट रहे सके।

# नागा चैतन्य स्टारर तंडेल का बॉक्स ऑफिस पर बजा डंका, वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में हुई शामिल

*नागा चैतन्य की नवीनतम फिल्म थंडेल ने दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करके बॉक्स ऑफिस पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह अभिनेता की पहली 100 करोड़ रुपये की कमाई वाली फिल्म है और वह इसकी सफलता से बेहद खुश हैं। रोमांटिक ड्रामा ने सिनेमाघरों में नौ दिन पूरे कर लिए हैं और 56 करोड़ रुपये की कमाई की है और यह सुनिश्चित किया है कि अब से जो भी कमाई होगी वह निर्माताओं के लिए शुद्ध लाभ होगी। थंडेल के नवीनतम कलेक्शन प्रभावशाली हैं, फिल्म ने अपने नौवें दिन दुनिया भर में 2.7 करोड़ रुपये की कमाई की है। अन्य फिल्मों से कोई बड़ी प्रतिस्पर्धा नहीं होने के कारण थंडेल के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद है। फिल्म की सफलता ने नागा चैतन्य के बाजार मूल्य को भी बढ़ा दिया है क्योंकि नेटफ्लिक्स ने 55 करोड़ रुपये में डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्माता फिल्म की स्ट्रीमिंग रिलीज़ से पहले ही मुनाफ़ा सुरक्षित कर लेंगे।*

# बच्चों का स्टैमिना बढ़ाने के लिए फायदेमंद हैं ये सुपरफूड्स, डेली रुटीन में कर सकते हैं शामिल

बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल करना हमारी पहली प्राथमिकता होती है. हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा स्वस्थ और ताकतवर हो. इसलिए हर माता-पिता अपने बच्चे को अच्छा खाना खिलाते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार बच्चों के लिए उचित पोषण और आहार देना बेहद महत्वपूर्ण होता है. ऐसे में बच्चे को हेल्दी चीजें खिलानी चाहिए. इससे बच्चे की ग्रोथ और स्टैमिना तेजी से बढ़ती है. आइए जानते हैं बच्चों का स्टेमिना बढ़ाने के लिए किन चीजों का सेवन करना चाहिए...

### बच्चों का स्टैमिना बढ़ाने के लिए ये हैं कमाल की चीजें-

### पनीर

पनीर प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है. ऐसे में पनीर से बच्चों को मजबूत हड्डियां और मजबूत शक्तियां मिलती हैं. साथ ही मांसपेशियों की सही ग्रोथ भी होती है. आप इसका सेवन किसी भी तरीके से कर सकते हैं.

### सीड्स

बच्चे का स्टैमिना बढ़ाने के लिए चिया सीड्स, कद्दू के बीज, सफेद तिल आदि का भी सेवन करना बेहद फायदेमंद हो सकता है. इससे शरीर में इम्यूनिटी बढ़ेगी और इंस्टेंट एनर्जी भी मिलेगी. इसके अलावा रोटी या परांठे के आटे में ये बीज भरकर बनाकर खाने से भी स्टैमिना बढ़ाने में मदद मिल सकती है .

### नट्स



ओमेगा थ्री फैटी एसिड से भरपूर नट्स मस्तिष्क और हृदय के साथ-साथ हड्डियों और दांतों को भी मजबूत करते हैं. ये एलर्जी को रोकते हैं और शरीर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. मिल्कशेक में नट्स मिलाकर सेवन करने से शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है.

# महाशिवरात्रि मेला 2025: पचमढ़ी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेले के पहले दिन श्रद्धालुओं का तांता लग गया। पचमढ़ी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला आज से शुरू हुआ और अनुमानित 500 से 600 वाहनों के साथ श्रद्धालु महाशिवरात्रि मेले में भाग लेने के लिए पहुंचे। प्रशासन ने मेले के आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की हैं। स्वच्छता, परिवहन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्थाऐं की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रशासन की ओर से पूरी मेला अवधि में व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### पहले दिन अनुमानित 10 हजार श्रद्धालुओं ने किए भगवान भोलेनाथ के दर्शन

पहले दिन लगभग 10,000 श्रद्धालुओं ने पचमढ़ी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। यह संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। मेले में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखने योग्य था।



### बेहतरीन रही यातायात व्यवस्था, अस्थाई बस स्टैंड पर खड़े हुए वाहन

यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आरटीओ विभाग ने कार्ययोजना अनुसार वाहनों का आवागमन बहुत व्यवस्थित रूप से करवाया। अस्थाई बस स्टैंड पर सभी वाहन खड़े किए गए हैं, जिससे यातायात में कोई अवरोध नहीं हुआ और श्रद्धालुओं को आसानी से मेला स्थल तक पहुंच सके।

### अपर कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

मेले के पहले दिन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अपर कलेक्टर डी.के. सिंह भी पचमढ़ी पहुंचे। उन्होंने मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि हर पहलू पर ध्यान दिया जाए, ताकि मेले का आयोजन सफलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से हो सके।

महाशिवरात्रि मेला 17 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में पचमढ़ी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन ने सभी प्रकार की सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, और यातायात के लिए उचित प्रबंध किए हैं ताकि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आगामी मेले एवं पर्वों के लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जाए : सीईओ जिला पंचायत श्री रावत

### समय सीमा बैठक आयोजित, अधिकारियों को मिले आवश्यक दिशा निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। समय सीमा की बैठक के दौरान ई ऑफिस प्रणाली के लिए अब तक की जा चुकी कार्यवाहियां एवं विभागों द्वारा अध्ययन की गई जानकारियों की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री रावत ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त प्रणाली के लिए सर्वप्रथम सभी विभागों में ईमेल आईडी बनवाई जाने की प्रक्रिया को संपन्न किया जाए जिससे ई ऑफिस सिस्टम की आगामी कार्यवाही बढाई जा सके। उन्होंने ई ऑफिस सिस्टम के लाभ बताते हुए कहा की ई-ऑफिस प्रणाली से सभी कार्यालयों को फाइलों का समय पर निपटान करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, इससे लंबित मामलों के बेहतर समय प्रबंधन में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रणाली से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की जानकारियों की सूची तैयार कर समस्त जिला अधिकारियों को उपलब्ध करवा दी जाए जिससे कि सभी अधिकारी पूर्व नियोजित ढंग से अपने-अपने कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सके।आगामी बोर्ड परीक्षाओं की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री रावत ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए की वे सभी अपने अनु विभाग अंतर्गत ऐसे समस्त विद्यालयों जिन्हे परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाया गया है उनके प्राचार्य के साथ बैठक कर शालाओं में समस्त मूलभूत आवश्यक सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, स्वच्छता, परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बेंच एवं कुर्सियों की व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें साथ ही बैठक के दौरान केंद्र अध्यक्ष, बीईओ, कलेक्टर प्रतिनिधि, उड़न दस्ता दल आदि को भी सम्मिलित करें।

# सांसद कार्यालय में जनता से मिले सांसद जन समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित

### केंद्र सरकार की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति को मिलेगा लाभ : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

नर्मदापुरम। पिपरिया। सांसद कार्यालय पिपरिया में सोमवार को होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पत्रकारों से बजट चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024.25 का जो बजट पेश किया है। यह विकसित भारत संकल्प पूर्ति के लिए ऐतिहासिक बजट है। यह बजट दूरगामी है जिसका अंतिम व्यक्ति को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार का भी बजट में प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने कैंसर की दवा को टैक्स फी करने की बात कही है। वहीं पांच नवोदय मध्य प्रदेश में बनाए जाएंगे और संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान गरीबए विद्यार्थीए युवाए व्यवसायीए कर्मचारी सहित हर वर्ग को इस बजट से लाभ मिलेगा। वहीं शहरी विकासए पर्यटनए रेलवेए खेतीए शिक्षाए स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्र में भी बजट में काफी प्रावधान है जिसके चलते आगामी समय में विकास किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा 500 करोड़ केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। सांसद दर्शन सिंह ने डीबीटी के माध्यम से 100: राशि हितग्राहियों को पहुंचाने के लिए मोदी सरकार का धन्यवाद किया।

### नर्मदा मैया का होगा संरक्षण संवर्धन

सांसद ने कहा कि नर्मदा मैया के संरक्षण संवर्धन के लिए 500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। वहीं 200 हैक्टेयर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए 1200 करोड़ नदी जोड़ो केन बेतवा पर भी बजट में प्रावधान है।

### मिसिंग अंशदान कटौती का समाधान हेतु जिला कोषालय नर्मदापुरम में शिविर का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। 01 जनवरी 2005 या उसके बाद नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत उनके वेतन से 10 प्रतिशत अंशदान और शासकीय अंशदान (01.04.2021 से 14 प्रतिशत) उनके PRAN खाते में जमा किया जाता है। मैन्युअल देयक से वेतन आहरण होने और प्रतिनियुक्त शासकीय सेवकों द्वारा अंशदान चालान के माध्यम से जमा करने के कारण कई शासकीय सेवकों के अंशदान की राशि PRAN खाते में जमा नहीं हो पाती थी, जिसके कारण मिसिंग अंशदान कटौती की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिला कोषालय अधिकारी नर्मदापुरम नितेश कुमार उईके ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए, संचालनालय पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा म.प्र. भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में और कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला कोषालय द्वारा 18 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक मिसिंग अंशदान कटौती के समायोजन के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा।

## जय हो समिति द्वारा पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्योंए स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने एकत्रित होकर शहीदों को नमन किया और उनकी शहादत को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दो मिनट के मौन से हुई। ततपश्चात सभी देशभक्तों द्वारा मालखेड़ी क्षेत्र के विभिन्न मार्ग पर कैंडल मार्च निकाला गया। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा हमारे वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर अमर हो गए है। इस अवसर पर विशेष रूप से देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। समिति ने यह भी संकल्प लिया कि शहीदों की स्मृति में विभिन्न समाजसेवी कार्य किए जाएंगे। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और ष्जय हिंदष् के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर लोकेश तिवारी अभय वर्मा अमीन राइन रामू चौहान महेश बावरिया दौलत यादव गोलू राजपूत माखन कीर अमित महाला गुलाम मुस्तफा विमल गोस्वामी गजेंद्र चौहान ओम राय सुभान खान अजय बावरिया राकेश धाकड़ विमल गोस्वामी अनिल मिश्रा मुन्ना वर्मा आकाश माझी अजय बावरिया सागर पटेल सौरभ वर्मा लोकेश बिश्नोई अंकित सागर विशाल बावरिया गणेश यादव जतिन यादव आशीष सोनी कौशिक बावरिया दिव्यांश वर्मा अनुराग वर्मा क्षितिज वर्मा अमन वर्मा सौरभ अहिरवार अंकित वर्मा आशीष मेहरा उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेला में धूम आज अल्ताफ राजा बिखेंगे स्वर लहरिया'

### मेले में 18 को गूंजेगा तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा आयोजित संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला अपना पूर्ण आकार ले चुका है। चहुंओर रंगबिरंगी रोशनी से समूचा मेला स्थल जगमगा उठा है। वहीं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए स्टेज पर प्रतिदिन रंगारंग कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए कमेडी नाइट के प्रसिद्ध हास्य कलाकार सुनील पाल और हिमांशु बबंडर ने अपनी कला का जादू बिखेरा। लोगों का मनोरजंन किया। वहीं 18 को तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे फेम अल्ताफ राजा अपनी सुर लहरियों से मेले को गुंजायमान करेंगे। 'मेला प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में मेले को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन रंगारंग और संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें 19 को साहिल सोलंकी इंडियन आइडिल फेम साहिल सोलंकीए 20 फरवरी को भजन गायिका अक्षरा सिंह अपनी प्रस्तुति देंगी। वहीं 21 को वाली ठाकरे देवी जागरणए 22 को आर्केस्ट्रा नाइट, 23 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और 24 फरवरी को सदाबहार गीत संध्या होगी। इसके अलावा 18 को कबड्डी का आयोजन एसएनजी स्टेडियम में होगा तो वहीं 20 फरवरी को दंगल का आयोजन एसएनजी स्टेडियम में किया जाएगा। इसी तरह 23 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय में विशाल बैलगाड़ी दौड़ होगी।

## आवेदनों के लिए नहीं लगाना पड़ेंगे कार्यालयों के चक्कर

### विभागों में ई-ऑफिस सिस्टम होगा लागू,

नर्मदापुरम (निप्र)। अप्रैल माह से सरकारी कार्यालयों में कागजी कार्यवाही की जगह सभी काम कम्प्यूटर में होते दिखाई देंगे। इसके लिए सभी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की शुरूआत हो चुकी है। प्रारंभिक चरण में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसके बाद सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश में मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो गई है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को तेज और पारदर्शी बनाना है। पूरी प्रक्रिया पेपरलेस होगी। तीन चरणों में पूरे प्रदेश में इसे लागू किए जाने की बात कही जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय सहित सभी विभागों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हो गया। अर्थात अब कागजी नोटशीट फाइलों की जगह ऑनलाइन फाइलों का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

### इको सेंसिटिव जोन के सीमांकन एवं बफर जोन के संबंध में हुई चर्चा

### पर्यटन गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए विधायक गणों ने दिए सुझाव



नर्मदापुरम (निप्र)। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में विकसित की गई नवीन पर्यटन गतिविधियों से रोजगार सृजन एवं आय प्राप्ती के संबंध में तथा इको सेंसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में चर्चा हेतु सोमवार को बोरी अभ्यारण सीमा के नजदीक ग्राम छिमडी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदा पुरम की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी, नर्मदापुरम संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी,कलेक्टर नर्मदा पुरम सुश्री सोनिया मीना, कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी,क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती राखी नंदा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इको सेंसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में क्षेत्र संचालक श्रीमती राखी नंदा ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर एवं पिपरिया तथा समस्त सहायक संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के द्वारा संयुक्त रूप से सीमांकन की कार्रवाई प्रचलित है। विधायक गणों ने इको सेंसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में कहां की इसके अंतर्गत कितने गांव शामिल है एवं राजस्व ग्राम एवं इको सेंसेटिव जोन कहां तक है इको सेंसेटिव जोन से क्या राजस्व गांव का कोई नुकसान होगा के संबंध में जानकारी मांगी। क्षेत्र संचालक ने बताया कि 2017 में इको सेंसेटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इको सेंसेटिव जोन बनाने का मुख्य उद्देश्य ऐसे क्षेत्र में कोई भी कमर्शियल निर्माण के कार्य को ना करना शामिल है। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में इको सेंसेटिव जोन के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत की जाएगी एवं उसमें कितने गांव शामिल है के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। बताया गया कि इको सेंसेटिव जोन के रिवीजन के चांस कम है। नर्मदा पुरम कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा की बाउंड्री के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी जाए। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहां की 2015 का सर्कुलर है। लेकिन अभी तक इस पर विस्तृत कार्य नहीं हुआ है। एसडीएम और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक निरंतर इस पर वर्क कर रहे हैं।एसडीएम ने कई समस्याएं बताई है। दो-तीन विषयों पर क्लीयरेंस लेना है। सुरक्षित क्षेत्र एवं बफर जोन में कुछ विसंगतियां हैं। आबादी एरिया के 100 मीटर तक का ही हिस्सा लेना है,जबकि गांव कुछ गांव आबादी रहित है तो कुछ में आबादी हैं।

## मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति वर्ष 2025-26 जारी प्रदेश के घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा दुकानें 1 अप्रैल 2025 से होंगी बंद

नर्मदापुरम(निप्र)। मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति के अनुसार प्रदेश में घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा दुकानों को 1 अप्रैल 2025 से बंद कर दिया जाएगा। इनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, बरमान खुर्द, कुंडलपुर, बांदकपुर शामिल है। नई आबकारी नीति के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाइन आउटलेट के लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे एवं उनके संचालन की अनुमति भी नहीं होगी। नये जिलों में मदिरा दुकानों का संचालन एवं प्रशासन वहां के जिला कलेक्टरों के अधीन किया जाएगा। जनजातीय बंधुओं के हित में वाइन शॉप पर वाइन एवं हेरिटेज मदिरा का विक्रय किया जा सकेगा। एयरपोर्ट काउंटर पर भी हेरिटेज मदिरा विक्रय की अनुमति रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान के परिसर में मदिरापान की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक जिले में जिला निष्पादन समितिनई आबकारी नीति के अनुसार प्रत्येक जिले में जिला निष्पादन समिति गठित की जाएगी।

## माह फरवरी के अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

नर्मदापुरम(निप्र)। राजस्व प्राप्ती को दृष्टीगत रखते हुए जिला पंजीयन कार्यालय माह फरवरी के अवकाश के दिवसों में भी संचालित होंगे। वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासन के राजस्व की दृष्टि से माह फरवरी एवं मार्च अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को ध्यान में रखते हुए, जिला मुख्यालय पर स्थित उप पंजीयक कार्यालय में 22 फरवरी 2025 को पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।


## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

:: जाहिर सूचना ::

सूचित किया जाता है कि लाल साहब पटेल पिता श्री रूस्तम सिंह निवासी निवासी महलवाडा तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनकी पत्नी श्रीमती ब्रजबाला पटेल का निधन 20-01-2024 को हो गया है। उनकी पत्नी के नाम पर एक चार पहिया वाहन ट्रैक्टर पंजीकृत है जिसका पंजीयन क्रमांक एम पी 05 एजे 8201 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज है। पत्नी की मृत्यु के पश्चात उक्त वाहन को लाल साहब अपने नाम आरटीओ कार्यालय में दर्ज कराना चाहते हैं। जिसमें उनकी पुत्री दीक्षा पटेल, एवं पुत्र प्रशांत पटेल की भी पूर्ण सहमति है। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी लाल साहब की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**


## सीमित निविदा सूचना

अनुसूचित जाति विकास एवं जनजातीय कार्य विभाग जिला-नर्मदापुरम अंतर्गत संचालित निम्मानुसार छात्रावासों में परिसंपत्ति भवन मरम्मत अंतर्गत मरम्मत कार्य किये जाने हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि 22.02.2025 सांय 5.00 बजे तक निर्धारित है। इच्छुक निविदाकारों को निर्धारित दिनांक तक संबंधित संस्था की पर्यवेक्षण समिति के समक्ष बंद लिफाफे में कोटेशन प्रस्तुत करना होगा।

| क्र. | सस्था का नाम | मम्मत कार्य की लागत राशि (जीएसटी सहित रूपये) |
|---|---|---|
| 1. | सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास आनंद नगर नर्मदापुरम् में सामान्य मरम्मत कार्य। | 300000/- |
| 2. | सीनियर अनुसूचित जाति कान्या छात्रावास पिपरिया में सामान्य मरम्मत कार्य। | 300000/- |
| 3. | सीनियर अनुसूचित जाति कान्या छात्रावास आनंद नगर नर्मदापुरम में सामान्य मरम्मत कार्य। | 100000/- |
| 4. | सीनियर अनुसूचित जाति कान्या छात्रावास बनखेड़ी में सामान्य मरम्मत कार्य। | 50000/- |
| 5. | जूनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मंगलभवन मालाखेड़ी नर्मदापुरम् में सामान्य मरम्मत कार्य। | 50000/- |

अधिक जानकारी के लिये **MPPWD** में पंजीकृत ठेकेदार ही उपरोक्त संस्थाओं में उपस्थित होकर संपर्क करें।

**संपर्क सूत्र**
**समस्त संबंधित संस्था के अधीक्षक**
**जनजातीय कार्य विभाग**

# मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने शासकीय रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण भवन स्वामी को नोटिस जारी किया



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर के व्यस्ततम मार्ग सर्किट हाउस चौराहे के समीप अंकित अग्रवाल के भवन में स्थित वैल्यू वैरायटी (V2) शोरूम के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। शोरूम में आने वाले ग्राहक सड़क पर और आसपास के आवासों के सामने अपने वाहन पार्क कर रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध जाहिर किया गया तथा शिकायतें प्राप्त हो रही थी। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि वाहनों के आवागमन एवं शोरगुल के परिणामस्वरूप बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है तथा दैनिक दिनचर्या के कार्यों में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नगरपालिका द्वारा उक्त प्राप्त शिकायतों को दृष्टीगत रखते हुए मौका मुआयना किया और स्थल पर पहुंच कर देखा कि वास्तविकता में वाहनों के शोरगुल से रहवासी परेशान हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती हेमेश्वरी पटले ने भवन स्वामी अंकित अग्रवाल को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि शोरूम के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसके साथ ही भवन निर्माण से संबंधित सभी दस्तावेज नगरपालिका कार्यालय में 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत किए जाएं। नगर पालिका द्वारा भू स्वामी को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि अगर निर्धारित समय सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए या पार्किंग व्यवस्था नहीं की जाती, तो आपके विरुद्ध म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 184 और 187 के तहत कार्रवाई की जाएगी।


## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

:: जाहिर सूचन ::

सूचित किया जाता है कि अनीता मांझी पति स्व. गणेश प्रसाद मांझी, निवासी आदमगढ रोड बंगाली कालोनी नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनके पति स्व.गणेश प्रसाद मांझी आत्मज श्री राम किशन का निधन 28-04-2021 को हो गया है। उनके पति स्व. गणेश राम पांझी के नाम पर एक वाहन क्रमांक एम पी 05 एलए 1042 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज है।

उक्त वाहन को श्रीमती अनीता मांझी अपने नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहती हैं। उन्होंने शपथ पत्र में लेख किया है कि उनके पुत्र अरूण मांझी और सुशील मांझी ने पूर्ण सहमति दी है। अत: उक्त वाहन को श्रीमती अनीता मांझी अपने नाम दर्ज कराना चाहती हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी श्रीमती अनीता मांझी की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**

## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

::जाहिर सूचना ::

सूचित किया जाता है कि कार्तिका बड़गूजर पुत्री स्व. श्री विमल कुमार बड़गूजर निवासी वार्ड नंबर 17 असफाबाद इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनके पिता श्री विमल कुमार बड़गूजर का निधन 15-05-2021 को हो गया है। एवं उनकी माता जी श्रीमती बबीता बड़गूजर का निधन 09-06-2008 में हो गया है। उनके पिता स्व. श्री विमल कुमार बड़गूजर के नाम पर पंजीयन क्रमांक एम पी 05 टी 1501 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज है। मेरे माता पिता की मृत्यु के पश्चात उक्त वाहन की मैं एक मात्र वैधानिक उत्तराधिकारी हूं। उक्त वाहन को मैं अपने नाम से आरटीओ कार्यालय नर्मदापरम में दर्ज कराना चाहती हूं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी कार्तिका बडगूजर की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*

सत्यमेव जयते

भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India

मध्यप्रदेश शासन



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नक्शा

NAtional geospatial Knowledge-based land Survey of urban HAbitations

शहरी भूमि की सही पहचान

# सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ

## विशेषताएं

- डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
- हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
- वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
- भू-स्थानिक डेटा
- ट्रांसपेरेंट सिस्टम

## लाभ

- मालिकाना हक की स्पष्टता
- शहरी विकास में तेजी
- क्रेडिट और लोन की आसानी
- संपत्ति कर वसूली में सुधार
- आपदा प्रबंधन में सहायक

### अध्यक्षता

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

### मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय

### विशिष्ट अतिथि

**डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी**

केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय

**18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश**

D-11184/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025